सुविचार

अगर आप सही हो तो कुछ सही साबित करने की कोशिश ना करो, बस सही बने रहो गवाही खुद वक्त देगा।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।। ||| निष्पक्ष कलम — निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार" | हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com | हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 18 | अंकः 15 | पेजः 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, शनिवार 12 अगस्त, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com


# बैठक में नेताओं पर भड़के गहलोतः रघु शर्मा ने जातिगत जनगणना के नुकसान गिनाए

## सीएम गहलोत बोले- राहुल गांधी से क्यों नहीं कहते?

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** विधानसभा चुनावों की तैयारी को लेकर कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की शुक्रवार को हुई बैठक में दो नेताओं ने जातिगत जनगणना करवाने और ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के फैसलों पर सवाल उठाए। इस पर नाराज सीएम अशोक गहलोत ने भी पलटवार करते हुए नेताओं को खरी-खरी सुना दी। विधायक रघु शर्मा ने जब जातिगत जनगणना के फैसले पर सवाल उठाते हुए इससे चुनावों में नुकसान होने की आशंका जताई तो गहलोत ने उन पर तंज कसते हुए कहा - तुम तो नेशनल लीडर हो, राहुल गांधी से ही सीधी बात क्यों नहीं कर लेते? आपको पता है यह हमारी पार्टी का नेशनल स्टैंड है और आप इस तरह की बात कह रहे हो। कर्नाटक में राहुल गांधी ने बोला था, बाकी जगह भी कांग्रेस का यही स्टैंड है।

**रघुवीर मीणा बोले - आदिवासियों के बीच ओबीसी की घोषणा का क्या मतलब?:**



बैठक के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद रघुवीर मीणा ने आदिवासी इलाके मानगढ़ की सभा में एसटी आरक्षण की जगह ओबीसी आरक्षण पर घोषणा करने को पार्टी के लिए नुकसानदायक बताते हुए इस पर सवाल उठाए। मीणा ने कहा कि आदिवासी दिवस की सभा में आदिवासियों के बीच ओबीसी आरक्षण बढ़ाने की घोषणा का क्या तुक था?

आदिवासियों के बीच उनके हित की बात करते तो ज्यादा उचित होता, उनके हित की बात बोली नहीं और दूसरों के बारे में घोषणाएं करते रहे। आदिवासी इस बात से नाराज हैं कि हमारा अधिकार दूसरों को दिया जा रहा है। उसका दंड हमारी पार्टी भुगतेगी।

मैं यह नहीं कह रहा हूं कि ओबीसी को क्यों दिया, ओबीसी के लिए किसी और मंच पर घोषणा कर देते। आदिवासियों के बीच ओबीसी की घोषणा का तुक नहीं था। मुझे पार्टी के नुकसान की चिंता है, इसलिए बात कही है।

रघुवीर मीणा के सवाल उठाने पर गहलोत ने कहा - मुझे पता है कहां क्या घोषणा करनी है? सीएम सबका होता है, मेरी प्रायोरिटी सब लोग हैं। कोई बात कहां रखें, मैं मुख्यमंत्री हूं इतना तो जानता ही हूं।

मैं जब पहली बार सीएम बना था तब एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण बढ़ाया था। कमजोर तबके के लोगों को फिर कौन पूछेगा? मैंने अच्छाई के लिए ही सब किया है। अब तो सलूंबर को जिला बना दिया और आपके चुनाव जीतने का रास्ता साफ कर दिया, फिर भी यह बात बोल रहे हो। सबको साथ लेकर चलना होता है।

**मंत्री प्रताप सिंह ने अग्रेसिव होने की सलाह दी**

बैठक के दौरान खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बीजेपी के आरोपों पर आक्रामक होने की सलाह दी। खाचरियावास ने कहा- हमें आक्रमक रुख अपनाकर जवाब देना होगा।

गहलोत ने मंत्री प्रताप पर भी तंज कसते हुए कहा - प्रताप सिंह बोलते-बोलते पता नहीं कौन सा ट्रैक पकड़ लेते हैं, पता नहीं क्या-क्या बोल जाते हैं? ये तो हमारे केसी वेणुगोपाल हैं जो अनुशासन के मामलों में कार्रवाई करने में थोड़ा वक्त लगाते हैं, अगर इनकी जगह मैं ?होता तो बता देता, मैं तो अनुशासन के मामले में कार्रवाई करने में देर नहीं लगाता।

*सुप्रीम कोर्ट का फैसला*

# बीएड पास ग्रेड थर्ड टीचर भर्ती लेवल-1 से हुए बाहर

*केवल BSTC डिप्लोमा धारी ही होंगे पात्र, लाखों अभ्यर्थियों को झटका*

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** लंबे समय से चला आ रहा बीएड-बीएसटीसी विवाद शुक्रवार को खत्म हो गया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कर दिया है कि ग्रेड थर्ड टीचर भर्ती के लेवल-1 के लिए केवल बीएसटीसी और इसके समकक्ष डिप्लोमाधारी ही पात्र होंगे। बीएड अभ्यर्थियों को सुप्रीम कोर्ट ने लेवल-1 के लिए पात्र नहीं माना है। मामले में 12 जनवरी 2023 को सुनवाई पूरी करके फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे शुक्रवार (11 अगस्त) को सुनाया गया। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट जस्टिस अनिरूद्ध बोस और सुधांशु धूलिया की बैंच ने सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन और केंद्र सरकार की एसएलपी को खारिज करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराया है। वहीं एनसीटीई के नोटिफिकेशन को अवैध करार दिया है।सुप्रीम कोर्ट में बीएसटीसी अभ्यर्थियों की ओर से पैरवी करने वाले एडवोकेट विज्ञान शाह ने बताया कि राजस्थान हाईकोर्ट ने साल 2021 में ठउळए की 28 जून 2018 की अधिसूचना को रद्द कर दिया था। जिसे देशभर से लाखों बीएड अभ्यर्थियों के साथ एनसीटीई और केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने सभी याचिकाओं को खारिज करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले को सही माना है।




**एनसीटीई के नोटिफिकेशन से शुरू हुआ था पूरा विवाद**

दरअसल, राजस्थान सहित देशभर में ग्रेड थर्ड टीचर भर्ती परीक्षा के लेवल-1 में बीएसटीसी और इसके समकक्ष डिप्लोमा धारियों को ही पात्र माना जाता था। वहीं लेवल-2 के लिए बीएड डिग्रीधारी होना जरूरी था। 28 जून 2018 को एनसीटीई ने एक नोटिफिकेशन निकालकर कहा कि लेवल-1 के लिए बीएड डिग्रीधारी भी पात्र होंगे। वहीं नियुक्ति मिलने के बाद उन्हें 6 महीने में एक ब्रिज कोर्स करना पड़ेगा। इसी नोटिफिकेशन से पूरे देश में यह विवाद शुरू हो गया था। इसके चलते बीएसटीसी और बीएड डिग्रीधारी आमने-सामने हो गए थे। इसके बाद हाईकोर्ट में नोटिफिकेशन के खिलाफ और पक्ष में याचिकाएं दायर हुई थीं।

*सफाईकर्मियों भर्ती*

# हाई कोर्ट ने मांगा जवाबःस्वायत्त शासन विभाग से पूछा क्यों ना भर्ती प्रक्रिया को ही रद्द कर दिया जाए?

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** प्रदेश में हो रही सफाईकर्मियों की भर्ती को लेकर आज हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें जस्टिस सुदेश बंसल की अदालत ने स्वायत्त शासन विभाग के सचिव व निदेशक से 22 अगस्त तक जवाब मांगते हुए पूछा है कि क्यों ना इस भर्ती प्रक्रिया को ही रद्द कर दिया जाए? दरअसल अदालत में याचिका दायर करके संतोष कुमार व अन्य ने कहा था कि पूर्व में हुई सफाई कर्मियों की भर्ती लॉटरी प्रक्रिया से पूर्ण की गई थी। इसको लेकर भर्ती नियमों में संशोधन किया था और उन्हें हाईकोर्ट ने भी स्वीकृति दी थी। वहीं अदालत ने लॉटरी प्रक्रिया को सही ठहराते हुए कहा था कि



सफाईकर्मियों की भर्ती में न्यूनतम शिक्षा की जरूरत नियमों में नहीं है। ऐसे में केवल साक्षात्कार या अन्य माध्यम के जरिए भर्तियां होने पर इसमें अनियमितता या फजीर्वाड़ा होने की पूरी संभावना रहती है।लेकिन, मौजूदा भर्ती का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद भी नियमों में बदलाव किया है। भर्ती में केवल साक्षात्कार व नाले की सफाई का कार्य करवाकर ही सेवा में लेने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। ऐसे में मौजूदा तरीके से हो रही सफाईकर्मियों की भर्ती में पूरी तरह से धांधली व भ्रष्टाचार होगा। इसलिए पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द किया जाए।

**176 निकायों के लिए 13,184 पदों पर हो रही भर्ती**

याचिकाकताओं की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता डॉ अभिनव शर्मा ने बताया कि प्रदेश के 176 नगरीय निकायों में 13,184 पदों पर भर्ती हो रही हैं। भर्ती में जयपुर नगर निगम की एक सफाई यूनियन के अध्यक्ष की मांग पर जलदाय मंत्री द्वारा खुद को सफाई कर्मी संघ का संरक्षक बताकर स्वायत्त शासन विभाग से नियम बदलने की मांग भी की।

# राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्रों पर लाठीचाजः छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर कर रहे थे प्रदर्शन



**जयपुर।** राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्र नेताओं ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राजस्थान यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को छात्रों ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया। इसके बाद प्रदर्शनकारी छात्रों ने कुलपति सचिवालय पर ताला लगाकर जेएलएन रोड पर धरना दिया तो पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज में 6 से ज्यादा छात्रों को चोटें आईं, जबकि 5 छात्रों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर छात्र नेताओं ने सुबह 11 बजे यूनिवर्सिटी के मेन गेट पर सरकार की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया।करीब 15 मिनट यज्ञ करने के बाद छात्र नेता कुलपति सचिवालय पहुंचे और मेन गेट पर प्रदर्शन करने लगे।

*डीसीपी के आदेश पर चौमूं थाने में मामला दर्ज*

# चयरमैन, EO और JEN के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**चौमूं।** चौमूं पुलिस थाने में डीसीपी पश्चिम के निर्देश पर नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, तत्कालीन नगरपालिका अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र मीणा और अन्य कर्मचारी लोकेश सैनी के खिलाफ तिरंगा लाइटों में गबन और भ्रष्टाचार करने और राजकोष को नुकसान के आरोप में मामला दर्ज करवाया है। करीब 62 लाख रुपए खर्च करके नगरपालिका की ओर से सौंदर्यकरण के लिए तिरंगा लाइट लगवाई थी, लेकिन अब तिरंगा लाइट को लेकर भाजपा पार्षदों ने नगर पालिका चैयरमेन, सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता पर भ्रष्टाचार और गबन करने का आरोप लगाते हुए जयपुर डीसीपी वेस्ट कार्यालय में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।परिवादी गजेन्द्र यादव निवासी वार्ड 22 चौमूं की ओर से पेश रिपोर्ट में बताया कि नगरपालिका क्षेत्र में तत्कालीन अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र मीणा, नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, कर्मचारी लोकेश सैनी द्वारा आपस में मिलीभगत कर शहर में डिवाइडर पोलों पर बिना किसी आवश्यकता के तिरंगा लाइटें लगाई थी। रिपोर्ट में आरोप लगाया कि एक पोल पर करीब 30 हजार रुपए की कीमत की लाइट लगाई गई, जबकि लाइट की कीमत बाजार में केवल 5 हजार रुपए है। लाइट एक डमी फर्म द्वारा फर्जी टेंडर कर बाजार भाव से कई गुना दर पर क्रय की गई है।जिससे राजकोष को भारी नुकसान पहुंचाया गया। पहले भी तिरंगा लाइट मामले को लेकर डीएलबी की ओर से चेयरमैन से स्पष्टीकरण जवाब मांगा गया है।

*तीन हजार कलाकारों को मिला फायदा*

# लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना की सीएम ने की शुरूआतः वाद्ययंत्र खरीदने के लिए खाते में डाले 5 हजार रुपए





**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से जवाहर कला केन्द्र (जेकेके) में शुक्रवार को लोक कला एवं सामाजिक सुरक्षा उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना की शुरूआत की। सीएम ने वाद्य यंत्र खरीदने के लिए 3 हजार लोक कलाकारों के खातों में करीब 1 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। साथ ही लोक कलाकारों को योजना के कार्ड भी प्रदान किए। लोक कलाकारों के प्रोत्साहन के लिए शुरू हुई इस योजना में 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

योजना के तहत लोक कलाकारों के परिवार को 100 दिन का काम मिलेगा, इसमें प्रतिदिन का मेहनताना 500 रुपए रखा गया है। ऐसे में कलाकार को 100 दिन के लिए 50 हजार रुपए मिलेंगे। लोक कलाकारों ने रोजगार के लिए कानून बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि परिवार में 4 लोग से ज्यादा है, जो सभी कलाकार है, ऐसे में परिवार में एक को ही भुगतान होगा। ऐसे में सभी को काम मिले, ऐसा कानून बनने से ही हो सकेगा। लोक कलाकारों ने अकादमी बनाने की भी मांग रखी। गिग वर्कर्स के लिए कानून का प्रस्ताव के लिए सामाजिक कार्यकर्ता निखिल डे ने धन्यवाद दिया और गिग वर्कर्स की मांग को रखा।

सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि कलाकार स्वाभिमान के धनी होते हैं कभी मांग नहीं रखते हैं। मैंने कोरोना काल में भी इनको 5000 रुपए की सहायता दी थी। कोरोना काल में संकल्पना की कोई भूखा नहीं सोए, बस उस दिशा में ही आगे बढ़ रहे हैं। मैंने कभी यह नहीं देखा यह किस पार्टी से जुड़ा है, मकसद मदद की रही है। मेरा खजाना खाली हो जाए लेकिन किसी की भूखा नहीं सोने दूंगा यह कहा था और आज भी इस पर अड़ा हूं।

गहलोत ने कहा कि कोमल कोठारी ने लोक कलाओं को दुनिया भर तक पहुंचाया, उन्हें याद करना जरूरी है। जितने भी कलाकार हैं उनके योजना के तहत 5 हजार रुपए वाद्ययंत्र के लिए मिलेंगे। जो 100 दिन का मानदेय दिया जा रहा है यह सम्मान की तरह है। हमने मूल्यांकन नहीं किया, यह अमूल्य है। कलाकारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो यही प्रयास है। दुनिया में राजस्थान के कलाकार अपनी कला से सम्मान दिला रहे हैं, इनके लिए कोई कमी नहीं रखेंगे। गिग वर्कर्स के लिए राहुल गांधी बोलते थे, उनके लिए भी हम काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना की शुरूआत की। उन्होंने लोक कलाकारों के खातों में रुपए ट्रांसफर किए।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना की शुरूआत की। उन्होंने लोक कलाकारों के खातों में रुपए ट्रांसफर किए।

पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार लोक कलाकारों को दान नहीं दे रही है। आपको आपका हक दे रही है। ऐसी योजना देश में क्या विदेश में भी नहीं है। आजादी के संग्राम में कलाकारों ने एक गांव से दूसरे गांव में संदेश पहुंचाया और आजादी दिलाने में योगदान दिया। यह योजना हर कलाकार के लिए लाभदायक है। अब आप सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा सकते हो और कलाकारों को यह जिम्मेदारी उठानी चाहिए।

सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय ने कहा कि राजस्थान की लोक संस्कृति के कारण ही मैं राजस्थानी बन पाई। लोक कलाकारों ने पूरी दुनिया में नाम किया है। अपने कच्चे घर में रह रहे थे। इस सरकार ने आपकी परेशानी को देखा और उसे दूर करने के लिए कदम उठाया। अरुणा रॉय ने कहा कि केंद्र सरकार लोकतंत्र का मजाक बना रही है। इलेक्शन ढांचे का मजाक बनाया जा रहा है। पीनल कोट, सीआरपीसी में बदलाव लाने का प्रस्ताव रखा है, जो सही नहीं है। पहले की सरकार कानून लाने से पहले चर्चा करते थी, लेकिन अब कानून का तो पता ही नहीं रहता।

इससे पहले कलाकारों ने जय-जय राजस्थान लोक गीत गा कर कार्यक्रम की शुरूआत की। एक मंच पर लोक कला के अलग-अलग विधा के कलाकार मौजूद हैं। कार्यक्रम में गायन, डांस, वाद्ययंत्र की प्रस्तुति से पूरा माहौल लोक संगीत के रंग में रंग गया है। अलवर से आए भपंग वादकों के ग्रुप ने यूसुफ खान के निर्देशन में सरकार की योजनाओं से जुड़ा गीत 'खुशियां अपरम्पार गहलोत जी की सरकार में' सुनाया।




अपना शहर
क्षेत्र का नं. 1 अखबार
गरीबों का सितारा
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
जयपुर


| पूर्वानुमान> | शनि | रवि | सोम | मंगल |
|---|---|---|---|---|
| 27° अधिकतम> | 33°c | 32°c | 35°c | 33°c |
| न्यूनतम> | 25°c | 26°c | 25°c | 26°c |

## विधायकों को मिलेंगे अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त आलीशान फ्लैट्स

# मिलेगा निवास : मुख्यमंत्री आज करेंगे 'विधायक आवास योजना' का लोकार्पण

निर्माण कर्ता राजस्थान आवासन मंडल एवं आयुक्त पवन अरोड़ा के स्मार्ट वर्क की भी होगी सराहना





सितारा न्यूज नेटवर्क


**जयपुर।** राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा विधायक नगर (पश्चिम) में निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त विधायक आवास परियोजना का लोकार्पण शनिवार को सायं 6.30 बजे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत करेंगे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, जबकि नगरीय विकास मंत्री श्री शांति धारीवाल, नेता प्रतिपक्ष श्री राजेन्द्र राठौड़ विशिष्ठ अतिथि होंगे। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने शुक्रवार को सचिव अल्पा चौधरी, मुख्य अभियंताअमित अग्रवाल, संदीप गर्ग, आवासीय अभियंता संजय शर्मा सहित संबंधित अधिकारियों और संवेदकों के साथ परियोजना से जुड़ी अंतिम तैयारियों का जायजा लिया। आयुक्त ने बताया कि मॉर्डन डिजाइन और सभी सुविधाओं से युक्त भव्य फ्लैट्स विधायकों को सौंपने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### सुरक्षा का रखा गया खास खयाल

आयुक्त ने बताया कि 24 हजार 160 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बने छह बहुमंजिले टॉवर (जी$8) में 3 हजार 200 स्क्वायर फीट वाले कुल 160 फ्लैट्स में विधायकगणों की सुरक्षा का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। पूरे परिसर के कॉमन एरिया (पार्किंग, ड्राइव वे, बेसमेंट, लिफ्ट) में 80 से ज्यादा अत्याधुनिक और हाई रेंज के सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ऑटोमैटिक बूम बैरियर, बैग स्कैनर और मुख्य द्वार पर अंडर व्हीकल स्कैनर लगाया गया, जिसकी स्पाय आई किसी गडबड़ी पर तुरंत सिस्टम को अलर्ट करेगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के मामले में सबसे खास ह्यइंट्रूडर अलर्ट सिस्टमह्य है, जिससे कोई भी अवांछित व्यक्ति भवन में यदि बिना अनुमति के प्रवेश करेगा तो अलार्म बज जाएगा। इसके अलावा 24 घण्टे सिक्योरिटी गाड्र्स का भी इंतजाम किया गया है।

### जरूरत की सभी चीजें करवाई जा रहीं उपलब्ध

अरोड़ा ने बताया कि सभी फ्लैट्स पूर्ण रूप से सुसज्जित और फुली फर्निश्ड हैं। विधायकों के लिए सभी जरूरी सुविधाओं का ख्याल इनमें रखा गया है। हर कमरे का इंटीरियर, कलर स्कीम्स, पर्दे, पेंटिंग्स, कारपेट, एंटिक और ओरनामेंटल ऑब्जेक्ट्स बहुत ही खूबसूरत हैं। हर फ्लैट में लगाए गुणवत्तायुक्त और आकर्षक फर्नीचर, डबल बेड, सोफा, कुर्सियां, डाइनिंग टेबल, एलईडी, फ्रीज, एसी, पंखे, आरओ, मॉडयूलर किचन, साज-सज्जा जैसी लक्जरी सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है।



### फिटनेस के योग-मेडिटेशन सेंटर और स्वीमिंग पूल भी

आयुक्त ने बताया कि विधायकों को ऊजार्वान और फिजिकली फिट बनाए रखने के लिए सेन्ट्रल पार्क, क्लब हाउस, स्वीमिंग पूल, जिम, योग-मेडिटेशन सेंटर, बिलियर्डस् व टेबल टेनिस, इन्डोर गेम्स का भी प्रावधान किया गया है।

### स्मार्ट पार्किंग की भी सुविधा : 900 से ज्यादा व्हीकल हो सकेंगे एक साथ पार्क

अरोड़ा ने बताया कि विधायकगण के लिए परिसर में डबल बेसमेंट में स्मार्ट पार्किंग की भी सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है, जिसमें दोनों मंजिलों को मिलाकर 921 चौपाहिया वाहन-ईसीयू (इक्वेलेंट कार यूनिट) एक साथ पार्क किए जा सकेंगे। विधायकों द्वारा पार्किंग एप डाउनलोड करने पर पार्किंग से जुड़ी तमाम जानकारियां मोबाइल पर भी उपलब्ध हो सकेंगी। फुली डिजिटल डिस्प्ले और जीपीएस से जुड़ी पार्किंग यूजर को ऑटोमेटिक खाली जगह ट्रेस कर सूचित भी कर सकेगी।

सितारा न्यूज नेटवर्क खास खबर

### हर सुविधा कैंपस में, नहीं जाना पड़ेगा बाहर ?

आयुक्त ने बताया कि परिसर के प्रत्येक ब्लॉक में विधायकगण से मिलने के लिए क्षेत्र से आने वाले आगंतुकों के लिए ग्राउंड फ्लोर पर रिसेप्शन, वेटिंग लॉन्ज, एडमिनिस्ट्रेटिव मीटिंग हॉल, मल्टीपपर्स हॉल, कॉन्फ्रेंस हॉल, पेंट्रिज, वॉशरूम्स, ड्राइवर डोरमेट्री कक्ष, लिफ्ट, सर्विस लिफ्ट और हर ब्लॉक्स पर 26 गेस्ट रूम (22 कमरे, 4 सुइट) भी बनाए गए हैं। विधायकगण की सुविधा के लिए कॉफी हाउस, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल, सैलून, शॉप्स भी बनाई गई हैं। इसके अतिरिक्त एलौपेथी, आयुर्वेदिक और होम्योपैथी चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। यानी विधायकों को किसी भी काम के लिए बाहर नहीं जाना पडेगा।

### कमाल की है ग्रीनरी और लैंडस्केपिंग



अरोड़ा ने बताया कि विधायक आवास परिसर की ग्रीनरी पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। प्रदेश की जलवायु को ध्यान में रखते हुए विदशों और हैदराबाद एवं पुणे से मंगवाएं आकर्षक श्रब्स, पैरेफिरयल-ओरनामेंटल प्लांट, ग्राउंड कवर और पेड़ों की खुबसूरती देखजते ही बनती है। ये पौधे इतने मनोहारी हैं कि आपको जयपुर में कहीं और देखने को नहीं मिलेंगे। यहां की लैंडस्केपिंग को देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हुए बिना नहीं रह सकता। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का सबसे खूबसूरत पक्ष सेन्ट्रल लॉन में नजर आता है, जहां राजस्थानी स्थापत्य कला के अनुरूप बारहदरी बनाई गई हैं, जहां आमेर की केसर क्यारियों की झलक भी देखने को मिलती है। जो मनोहर और खुशनुमा माहौल बनाती है।

### बच्चों के खेलते हुए स्कल्पचर आकर्षण का केन्द्र

आवासन आयुक्त ने बताया कि परिसर में ही बच्चों के खेलते हुए स्कल्पचर भी आकर्षण का केन्द्र है, जो सबके लिये एक उल्लास का वातावरण बनाते हैं। परिसर के बीच ही शानदार फाउंटेन एवं म्यूजिकल वॉक-वे भी बनाया गया है जहां विधायकगण सुबह-शाम योगा व वॉक भी कर सकेंगे। पूरी तरह वाय-फाई सुविधा से लैस विधायक आवास में 25 ईवी चार्जिंग स्टेशंस का भी निर्माण किया गया है, जिसमें सभी तरह के इलेक्ट्रोनिक व्हीकल्स को चार्ज किया जा सकेगा। गौरतलब है कि अमूमन ऐसी परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए 30 माह का समय दिया जाता है लेकिन मंडल की टीम ने निर्धारित समय से पूर्व ही महज 23 माह में ही इसे तैयार कर रिकॉर्ड कायम किया है।

## पंचाग

दिनांक:-12 अगस्त 2023 शनिवार

विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन कृष्ण पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | एकादशी | 06:30:49 |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | मृगशीर्षा | 06:01:16 |
| योग | हर्शण | 15:20:56 |
| करण | बालव | 06:30:48 |
| करण | कौलव | 19:22:30 |
| चन्द्र राशि | मिथुन | |
| सूर्य राशि | कर्क | |
| दिशा शूल | पूर्व | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:57:49 |
| सूर्यास्त | 19:05:41 | |
| चंद्रोदय | 26:51:57 | |
| चंद्रास्त | 16:34:52 | |
| राहू काल | 09:15 - 10:53 | |
| अभिजित | 12:06 - 12:58 | |

शुभ चोघडिया

| | | |
|---|---|---|
| शुभ | 07:36 - 09:15 | शुभ |
| चर | 12:32 - 14:10 | शुभ |
| लाभ | 14:10 - 15:49 | शुभ |
| अमृत | 15:49 - 17:27 | शुभ |



विशेष जानकारी
एकादशी व्रत:-आज
प्रदोष व्रत:-कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

### आगामी विधानसभा चुनाव पर फोकस,जिला पार्षद मौसम नवलकिशोर ने दर्जनों गांवों में किया जनसम्पर्क





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर की राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा मे शुक्रवार को जिला पार्षद मौसम नवलकिशोर मीना ने आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान मे रखते हुए कांग्रेस पार्टी का प्रचार-प्रसार करते हुए लक्ष्मणगढ , मौजपुर , गढबास , खोहरा , मलावली , पिनान सहित दर्जनो गांवो मे जनसम्पर्क किया है ।कांग्रेस सरकार के द्वारा संचालित जनहित योजनाओं के बारे मे आमजन को बताया एवं आगामी चुनाव मे कांग्रेस के पक्ष मे मतदान करने की अपील की। मिडिया को यह सारी जानकारी जिला परिषद सदस्य मौसम नवलकिशोर मीना के द्वारा दी गई है।

### सैंपऊ उपखंड की ग्राम पंचायत मढ़ा कांकौली में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का हुआ समापन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**सैंपऊ/अंकिता गोयल।** सैंपऊ उपखंड की ग्राम पंचायत मढ़ा कांकौली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कांकौली में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का सफलतापूर्वक समापन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा मैदान में जोर अजमाइश की गई ।इस बार कुल 261 खिलाड़ियों ने पंजीकरण करवाया गया जिसमें कबड्डी पुरुष वर्ग में मढ़ा, कबड्डी महिला वर्ग में कांकौली, रस्साकशी, वॉलीबॉल, टेनिस क्रिकेट बॉल, शूटिंग बॉल में कांकौली टीम विजेता रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि ओमकार परमार एवं स्थानीय विद्यालय कांकौली के कार्यवाहक प्रधानाचार्य रनवीर सिंह गुर्जर ,शारीरिक शिक्षक जितेंद्र कुमार दुबे टीम प्रभारियों में वासुदेव, ललित कुमार, भैरों सिंह, बच्चू सिंह, उर्मिला कुमारी ,प्रीति सिंह, केदार सिंह, मदन सिंह ,मंगल सिंह, महेंद्र कुमार रावत, देवेंद्र शर्मा ,भागीरथ चौधरी, नीरू सिंह ,रामबाबू सैनी , राजगिरी ,योगेंद्र, मानसिंह ,मनुरूप आदि उपस्थित रहे ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ओमकार परमार और कार्यवाहक प्रधानाचार्य रनवीर सिंह गुर्जर के द्वारा खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व मेडल पहनाकर उत्साहवर्धन किया । इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे । अंत में इस कार्यक्रम के समापन की घोषणा रनवीर सिंह गुर्जर के द्वारा की गई ।

भाजपा युवा नेता जय आहूजा के प्रयासों से दिलाई गई मोटरसाइकिल

# धर्मांश फाउंडेशन की ओर से गणेश मेघवाल को दी गई नई मोटर साइकिल

नूंह मेवात शोभा यात्रा मे हुए हमले पर गणेश मेघवाल की जलाई गई थी मोटर साइकिल

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रूपेश शर्मा / अलवर ।** धर्मांश फाउंडेशन की और से श्रीरामगढ़ के केशव नगर डोली निवासी गणेश मेघवाल पुत्र स्व. हेमराज मेघवाल को जीएस एंटरप्राइजेज हीरो शोरूम मुबारिकपुर से नई हीरो स्पलेंडर मोटर साइकिल दिलाई गयी। गौरतलब है कि 31 जुलाई 2023 को नूह मेवात में शोभा यात्रा पर हुए हमले में फिरोजपुर झिरका जिला नूह मेवात में गणेश मेघवाल के साथ मारपीट कर उसकी मोटरसाइकिल को जला दिया गया था । गणेश मेघवाल बहुत ही निर्धन परिवार से है, जिसके चलते धर्मांश फाउंडेशन की ओर से 50हजार रुपये का चैक देकर मोटर साइकिल खरीदने के लिए मदद की गयी। गणेश मेघवाल को नई मोटर साइकिल दिलाकर बधाई दी गई साथ ही मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। भाजपा युवा नेता जय आहूजा ने बताया कि शुक्रवार को धर्मांश फाउंडेशन की ओर से गणेश मेघवाल को मोटर साइकिल खरीदने के लिए 50हजार रुपये नगद देकर नई मोटर साइकिल दिलाई गई है और गणेश को मोटर साइकिल लेने पर बहुत बहुत बधाई। इस अवसर पर डाल चंद मेहरा, सरदार रविंद्र सिंह, सरदार सुखविंदर सिंह, सरदार हरमेंश सिंह, शिवम शर्मा, बंटी गालव,भानु शर्मा, मोनु ठाकुर,हरिओम चौधरी, श्री दिनेश व शुभम भाटिया उपस्थित रहे।





### मंडावर पंचायत समिति बनने से लोगो का सपना हुआ पूरा -हुडला

सितारा न्यूज नेटवर्क

**महवा।** ग्राम पंचायत गगवाना ,टूडियाना,बालाहेडी को वापिस बैजुपाड़ा से महवा पंचायत समिति में जोड़ने और मंडावर पंचायत समिति की अधिसूचना जारी होने पर महवा विधायक ओम प्रकाश हुडला ने पंचायती राज मंत्री रमेश मीना सहित मुख्यमंत्री गहलोत आभार जताया हैं।गौरतलब हैं कि राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में विधायक हुडला ने पुरजोर तरीके से ग्रामीणों की इस मांग को सरकार के समक्ष तार्किक तरीके से रखा था और उसके बाद 11 मार्च 2022 को महवा को बजट में मिली सौगातो के लिए जब मुख्यमंत्री गहलोत का आभार जताने के लिए महवा विधानसभा क्षेत्र के लोगो के साथ मुख्यमंत्री निवास पहुचे तब भी उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष इस मांग को पुरजोर तरीके से रखा। और इसके बाद उनके द्वारा दिए मांग पत्र पर कार्यवाही करते हुए दिनाक 14 मार्च 2022 को प्रमुख शासन सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज ने विधायक हुडला को इस बाबत पत्र लिख कर कार्यवाही करने के लिए भरोसा दिलाया।जिसके बाद मंडावर पंचायत समिति की अधिसूचना जारी होने के बाद इन तीनो ग्राम पंचायतो को वापिस महवा पंचायत समिति में जोड़ने के आदेश कलेक्टर दौसा ने जारी किये।

महवा विधायक अपनी राजनितिक सूझ बूझ से इन दोनों कार्यो के पीछे लगे रहे और छोटे से बड़े अधिकारी से व्यक्तिगत मिलकर फाइल को आगे बढ़ने का कार्य किया और इसी का परिणाम हुआ की पाडला और नागल सुमेर सिंह नई ग्राम पंचायत बन पाई और मंडावर नई पंचायत समिति बन पाई। इससे पूर्व यहाँ पर इन तीनो ग्राम पंचायत के लोगो ने विधायक हुडला का इस कार्य के लिए आभार जताया। जिस पर विधायक हुडला ने इसे तीनो ग्राम पंचायतो के वाशिंदों की जीत बताया और सरकार के इस कदम से इन क्षेत्रो के विकास में नये आयाम जुड़ने वाला ऐतिहासिक कदम कहा। उन्होंने कहा की इस कार्य से यहाँ के लोग चुनाव कार्य में पुनः शामिल होकर लोकतंत्र में आस्था बना सकेंगे जिससे तेजी से ग्रामीण विकास होगा।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

रैणी की पाटन पंचायत मुख्यालय पर मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत...

## शिलाफलकम पट्टिका का किया उद्घाटन,वीर शहीदो को याद किया





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पाटन मुख्यालय पर स्कूल की अमृत वाटिका में अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी माटी-मेरा देश अभियान के तहत शिलाफलकम पट्टिका का उद्घाटन किया । जिसमें मुख्य अतिथि स्थानीय सरपंच सरोज मीना रही तथा विशिष्ट अतिथि स्थानीय प्रधानाचार्य रहे। सरपंच सरोज मीना ने बताया कि हमारी सरकार की मंशा है कि हमारे द्वारा हमारे देश के वीर शहीदो का एवं उनके परिजनो का हमेशा सम्मान और रक्षा की जावे तथा साथ ही देश की मिट्टी को भी सम्मान दिया जावे इसी को ध्यान मे रखते हुए 11 अगस्त शुक्रवार को राजस्थान सरकार के निदेर्शानुसार ये सब कार्यक्रम आयोजित किए गए है। इस कार्यक्रम मे उपस्थित सभी अतिथियो व आमजन ने वीर शहीदों की पट्टिका के सामने तथा वीर शहीद चन्द्र शेखर आजाद की प्रतिमा( छायाचित्र ) के माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुम्भारभ किया। देश के शहीद वीरो के सम्मान में झंडा रोहण किया एवं राष्टगान गाया व मेरा देश मेरी मिट्टी की शपथ लेकर प्रतिज्ञा ली कि हम वीर शहीद के परिवार की हमेशा रक्षा करेंगे। इस दौरान सरकारी सीनियर स्कूल की अमृत वाटिका में पौधारोपण किया गया । इस कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी ललता प्रसाद शर्मा , कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी जितेश कुमार , देवीसहाय मीना , राजकुमारी मीना एलडीसी व स्थानीय प्रिंसीपल सहित अनेक गणमान्य ग्रामवासी मौजूद थे। मिडिया को यह सारी जानकारी सरपंच सरोज मीना द्वारा दी गई

## चंडी की घाटी कटवाने की मांग को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

### घाटी कटने से जिला मुख्यालय की दूरी होगी कम

सितारा न्यूज नेटवर्क

**लक्ष्मणगढ़।** लक्ष्मणगढ़ के बुटोली ग्राम पंचायत में स्थित चंडी की घाटी कटवाने की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की समिति के पूर्व सदस्य बॉक्सर जुबेर खान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ज्ञापन भेजा। बॉक्सर जुबेर खान ने बताया कि गत बीस वर्षो से तीन विधानसभा क्षेत्रो के लोगो द्वारा चंडी की घाटी कटवाने की मांग चली आ रही है। परंतु सरकार ने तीन विधानसभा क्षेत्रो की जनता की मांग को हमेशा नजरंदाज किया है। चंडी की घाटी कटने से लक्ष्मणगढ़ से अलवर जिला मुख्यालय की दूरी 45 किलोमीटर के बजाय 30 किलोमीटर हो जाएगी। चंडी की घाटी कटने के बाद लक्ष्मणगढ़ से अलवर जाने का सफर डेढ़ घंटे की जगह मात्र 30 मिनट में तय होगा। चंडी घाटी कटने के पश्चात राजगढ लक्ष्मणगढ़, रामगढ़ व कठूमर विधानसभा के ग्रामीणों को फायदा मिलेगा। इसके अलावा घाटी कटने से सैंकड़ों गांवो के ग्रामीणों को मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध होने के साथ साथ दर्जनों गांवों का विकास होगा। चंडी की घाटी कटवाने की मांग को लेकर ज्ञापन भेजने वालो में बॉक्सर जुबेर खान, कल्लू सरपंच, गिर्राज, संतराम मीना आदि शामिल हैं।

## नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने चूरू विधानसभा में सड़क कार्य का किया लोकार्पण



ग्रामीण विधानसभा भाजपा नेता एडवोकेट देशराज खरेरा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा / अलवर।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने विधानसभा क्षेत्र चूरू में सड़क लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर नवीन सड़क आम नागरिकों को समर्पित किया। इस कार्यक्रम में भाजपा अलवर ग्रामीण के नेता देशराज खरेरा सहित अन्य गणमान्य जनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

मीडिया के समक्ष बातचीत करते हुए देशराज खरेरा ने कहा कि, " माननीय नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ चूरू विधानसभा सहित राजस्थान के समग्र विकास हेतु हर स्तर पर निरंतर प्रयासरत है ! आज के इस लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होना मेरे लिए अत्यंत विशेष महत्व रखता है ! जनता जानती है कि राजस्थान में भाजपा से बेहतर विकल्प कोई दूसरा नहीं है, कांग्रेस के जंगलराज से त्रस्त राजस्थान की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में सुशासन का कमल एवं नाकाम जनविरोधी गहलोत सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है, इतिहास साक्षी होगा कि आगामी विधानसभा चुनाव का नतीजा भाजपा के लिए अभूतपूर्व व अकल्पनीय होगा।"

## बाडी थाना पुलिस की कार्रवाई, बलात्कार प्रकरण में फरार आरोपी गिरफ्तार

सितारा न्यूज नेटवर्क



**बाडी/अंकित गोयल ।** पुलिस अधीक्षक धौलपुर मनोज कुमार आईपीएस के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ धौलपुर देवेन्द्र सिंह राजावत आरपीएस एवं वृताधिकारी वृत बाडी महेन्द्र कुमार मीना के निकटतम सुपरवीजन में लक्ष्मण सिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना बाडी के नेतृत्व में थाना हाजा के मुकदमा नम्बर 227 / 2023 धारा 376 भादस में करीब 2 माह से फरार चल रहे अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार पुत्र नारायणसिंह जाति ब्राहमण उम्र 28 साल निवासी बहादुरपुर थाना बाडी सदर जिला धौलपुर को भरसक प्रयास के आज दिनांक 10.08.23 को माता मन्दिर बाड़ी से गिरफ्तार कर सफलता हासिल की है। पुलिस टीम का विवरण लक्ष्मण सिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी, रामनरेश, राजेश कुमार पुलिस थाना बाडी मौजूद रहे।

# मंत्री टीकाराम जूली ने जनसुनवाई के दौरान आमजन की सुनी परिवेदनाएं







सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा / अलवर।** जनसुनवाई में आए फरियादियों ने विद्युत, पेयजल आदि से संबंधित परिवेदनाएं मंत्री जूली को अपनी परिवेदनाएं सौंपी जिस पर मंत्री जूली ने संबंधित अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण हेतु निर्देश दिये। इस पर उन्होंने राज्य सरकार की सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा आमजन को निरन्तर राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को मिल सके इस उद्देश्य से जनसुनवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कुशल नेतृत्व एवं प्रबन्धन में राज्य सरकार प्रदेशवासियों के जनकल्याण हेतु पारदर्शिता व निस्वार्थ भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि आमजन के काम किसी भी सूरत में नहीं रूकें, आमजन के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व कार्मिकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पिनान पंचायत मुख्यालय पर मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत...

## शिलाफलकम पट्टिका का किया उद्घाटन, वीर शहीदो को किया गया याद





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिनान की सरकारी सीनियर स्कूल की अमृत वाटिका में आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के उपलक्ष्य मे अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी माटी-मेरा देश अभियान के तहत शिलाफलकम पट्टिका का उद्घाटन किया ।जिसमें मुख्य अतिथि स्थानीय सरपंच पिनान रही तथा विशिष्ट अतिथि स्थानीय प्रधानाचार्य हरि सिंह मीना रहे ।सरपंच प्रतिनिधी बृजमोहन गोयल ने बताया कि हमारी सरकार की मंशा है कि हमारे द्वारा हमारे देश के वीर शहीदो का एवं उनके परिजनो का हमेशा सम्मान और रक्षा की जावे तथा साथ ही देश की मिट्टी को भी सम्मान दिया जावे इसी को ध्यान मे रखते हुए 11 अगस्त शुक्रवार को राजस्थान सरकार के निदेर्शानुसार ये सब कार्यक्रम आयोजित किए गए है। इस कार्यक्रम मे उपस्थित सभी अतिथियो व आमजन ने वीर शहीदों की पट्टिका के सामने तथा वीर शहीद चन्द्र शेखर आजाद की प्रतिमा( छायाचित्र ) के माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुम्भारभ किया। देश के वीरो के सम्मान में झंडा रोहण किया एवं राष्ट्रगान गाया व मेरा देश मेरी मिट्टी की शपथ ली कि हम वीर शहीद के परिवार की हमेशा रक्षा करेंगे। इस दौरान पिनान सरकारी सीनियर स्कूल की अमृत वाटिका में पौधारोपण किया गया । इस कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी राजेन्द्र चौधरी , कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी मोनु कुमार , दीनदयाल मीना , राजेश मीना एलडीसी , लालाराम व स्थानीय प्रिंसीपल हरि सिंह मीना एवं कंप्यूटर अनुदेशक प्रणवीर मावई सहित अनेक गणमान्य ग्रामवासी मौजूद थे। मिडिया को यह सारी जानकारी सरपंच प्रतिनिधी बृजमोहन गोयल के द्वारा दी गई है।

समता सैनिक दल के राष्ट्रीय सचिव व जिला पदाधिकारीयों ने...

## सदर धौलपुर के नवीन थानाधिकारी शिवदास मीणा का किया स्वागत

सितारा न्यूज नेटवर्क





**धौलपुर/अंकित गोयल।** धौलपुर सदर नवीन थानाधिकारी शिवदास मीणा कोतवाल साहब ने पदभार ग्रहण किया । इससे पहले थाना सदर जिला धौलपुर में हनुमान सहाय के स्थानांतरण होने पर उनके रिक्त स्थान पर ज्वाइनिंग की ।इस अवसर पर गुरुवार 10 अगस्त 2023 को समता सैनिक दल के राष्ट्रीय सचिव वी के कंचन बौद्ध के साथ जिला धौलपुर समता सैनिक दल के पदाधिकारियों ने थाना सदर पहुंचकर शिवदास मीणा कोतवाल साहब का माला, साफा व संविधान निमार्ता परमपूज्य बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की तस्वीर देकर भव्य स्वागत किया।

इस मौके परसमता सैनिक दल के राष्ट्रीय सचिव बी के कंचन बौद्ध, जिला अध्यक्ष राकेश राजोरिया ,उपाध्यक्ष भीकाराम बौद्ध ,कोषाध्यक्ष राजेश बौद्ध ,संगठन सचिव बंटी बौद्ध ,प्रचार सचिव डॉक्टर कोमल सिंह ,पप्पू सोनी ,गब्बर सिंह ,हरगोविंद ,जयप्रकाश आदि उपस्थित रहे । उक्त जानकारी समता सैनिक दल के जिला अध्यक्ष राकेश राजोरिया ने दी ।

## रैणी के आदूका से खाटूश्यामजी के लिए हुए रवान,खाटू श्याम जी पहुंचकर लगाया भोग



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी (अलवर) महेश चन्द मीणा ।** अलवर के रैणी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाटन के गांव आदूका से महेंद्र मीणा की अगुवाई में तुफानी यात्रा शुक्रवार सुबह विधि विधान के साथ रवाना हुई इस दौरान भरतरी बाबा के मंदिर पहुंचकर ढोक लगाई, फिर सरिस्का की कोठी में भ्रमण किया उसके बाद त्रिवेणी धाम पहुंचे और शुक्रवार शाम को पहली महाआरती में शामिल हो कर प्रसाद व पुष्प चढ़ाएं । वहीं खाटूश्याम के मंदिर परिक्रमा की इस दौरान खाटू श्याम के जय कारों से खाटूश्याम जी का मंदिर गूंज उठा । महेंद्र मीणा ने बताया कि भारत देश के राजस्थान राज्य के सीकर जिले में एक प्रसिद्ध गांव है जहां पर बाबा श्याम का विश्व विख्यात मंदिर है ।यह एक महत्वपूर्ण कस्बा है जो खाटूश्यामजी के मंदिर के लिए प्रसिद्ध है । बाबा खाटू श्याम जी का संबंध महाभारत कालीन समय का बताया जाता है, खाटू श्याम मंदिर का इतिहास हजारों साल पुराना जिसे 1720 में अभय सिंह द्वारा मंदिर का पुननिर्माण कराया गया था।

इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के तीनों पुत्रों में से ज्येष्ट पुत्र बर्बरीक के सिर की पूजा होती है, जबकि बर्बरीक के शरीर की पूजा हरियाणा के हिसार जिले के एक छोटे से गांव स्याहड़वा में होती है व इस धार्मिक स्थल पर जो भक्त सच्चे मन से आता है उसकी मनोकामना खाटूश्यामजी ने पूरी की है । इस दौरान महेंद्र मीणा,बनवारीलाल मीणा,बिश्राम मीणा,सतीश मीणा,रामखिलारी मीणा,बालाराम मीणा,रमेश चंद्र मीणा,बलवीर मीणा,पुन्याराम,विकास, शिवराम सहित हजारों की संख्या में खाटूश्यामजी के भक्त मौजूद रहे ओर यहां बड़ी संख्या में भक्त आते जाते रहते हैं।

## बाइक चोरी की वारदातों का खुलासा, 4 बदमाश गिरफ्तार:पाली में भी की वारदात

**जोधपुर।** जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट की विवेक विहार थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी और मोबाइल लूट करने वाली गैंग का पदार्फाश करते हुए 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की 11 मोटरसाइकिल और लूटे गए चार मोबाइल बरामद किए गए हैं। गैंग का सरगना झंवर पुलिस थाने का हिस्ट्रीशीटर है।विवेक विहार थाना अधिकारी राजेंद्र सिंह चारण ने बताया कि थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातों को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर टीम गठित की गई थी।

# रींगस में स्वतंत्रता दिवस पर पहली बार होगा उपखंड स्तरीय कार्यक्रम, एसडीएम ने ली बैठक

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे में पहली बार स्वतंत्रता दिवस का उपखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसकी तैयारियों को लेकर रींगस उपखंड अधिकारी राकेश कुमार ने जनप्रतिनिधियों व कस्बे वासियों की अहम बैठक ली। बैठक में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में हर घर तिरंगा अभियान के साथ-साथ प्रत्येक घर, प्रतिष्ठान, कार्यालय, संस्थान को विशेष रोशनियों से सजाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस पर विशेष सजावट की प्रतिस्पर्धा के माध्यम से सम्मानित करने का सुझाव रखा, वहीं श्री सूर्य मंडल समाज सेवा समिति के अध्यक्ष हरिप्रसाद बलौदा ने विशेष सजावट की प्रतिस्पर्धा का वाहन के माध्यम से प्रचार करवाने का सुझाव दिया। अधिशासी अधिकारी हरिनारायण यादव ने बताया कि नगरपालिका स्तर पर 15 सौ तिरंगे वितरित किए जाएंगे जिनकी 25 रुपए राशि निर्धारित की गई है लेकिन यह राशि कस्बे वासियों से न लेकर नगर पालिका द्वारा अपने कोष से ही वहन की जाएगी। बैठक में मौजूद अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी स्वतंत्रता दिवस आयोजन को



लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए।

उपखंड अधिकारी राकेश कुमार ने कस्बे वासियों से 15 अगस्त को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित होने वाले उपखंड स्तरीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधारने का आह्वान किया। स्वतंत्रता दिवस पर होने वाली विशेष सजावट की प्रतिस्पर्धा के लिए पांच सदस्यीय चयन समिति का गठन किया गया। चयन समिति में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट मोहनलाल बलौदा, अग्रवाल समाज अध्यक्ष राजकुमार काबरा, श्री सूर्य मंडल समाज सेवा समिति के अध्यक्ष हरिप्रसाद बलौदा, रींगस प्रेस क्लब अध्यक्ष महेश शर्मा व शेखावाटी पत्रकार संस्थान के सचिव हरीश गुर्जर को शामिल किया गया। चयन समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद रींगस उपखंड अधिकारी द्वारा बेस्ट वार्ड, बेस्ट घर, बेस्ट सरकारी संस्थान, बेस्ट निजी संस्थान व बेस्ट मार्केट श्रेणी के पुरस्कार दिए जाएंगे। वहीं गत वर्ष क्षेत्र की वित्तीय संस्थानों द्वारा राष्ट्रीय पर्व पर तिरंगा नहीं लगाने की सूचना सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद कर्मचारियों द्वारा आनन-फानन में तिरंगा फहराया गया जिससे तिरंगे की गरिमा का उल्लंघन हुआ। अबकी बार रींगस उपखंड अधिकारी राकेश कुमार द्वारा सभी संस्थानों को आगाह करते हुए राष्ट्रीय पर्व पर तिरंगा लगाना अनिवार्य किया है और उल्लंघन करने वाली संस्थान के खिलाफ झंडा एक्ट के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान अधिशासी अधिकारी हरिनारायण यादव, नगरपालिका उपाध्यक्ष अमित शर्मा, सहायक अभियंता मामराज जाखड़, नगर सेठ नाथूलाल काबरा, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरज्ञान धाबाई, शिक्षाविद प्रदीप शर्मा, ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष दुलाराम बावलिया, मामराज गुर्जर, हरिप्रसाद बलौदा, पं निरंजन शर्मा, पार्षद महेश अग्रवाल, एडवोकेट हरदयाल सिंह बलौदा, बीरबल निठारवाल, कांग्रेस मीडिया प्रभारी श्रवण सैन, ओमप्रकाश कुमावत, मोतीराम बावलिया, कालूराम पटेल, लोकेश कुमावत, अर्जुन लाल चौहान, दिलीप निठारवाल, बाबूलाल राजोरिया, ओमप्रकाश बुड़ी, मोतीलाल कुमावत, तेजपाल, गोगराज भामू, महेंद्र बावलिया, मोहर सिंह आदि मौजूद थे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# सदन की उत्पादकता बढ़ाने की जरूरत

मानसून सत्र का अनिश्चित काल के लिए सत्रावसान हो गया है, लेकिन लोकसभा और राज्यसभा की उत्पादकता संतोषजनक नहीं रही। दोनों ही सदन के अधिकतर समय हंगामे में बर्बाद हुए। सत्र के आखिरी दिन भी लोकसभा में मणिपुर मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण कामकाज बाधित रहा। यही हाल राज्यसभा का रहा। इस मानसून सत्र के दौरान 17 बैठक हुईं जिनमें 44 घंटे 13 मिनट कामकाज हुआ, लोकसभा की कार्य उत्पादकता करीब 46 प्रतिशत रही। लोकसभा में 54 फीसदी वक्त जाया हुआ। राज्यसभा में भी 17 बैठकों के दौरान व्यवधानों के कारण कुल 50 घंटे और 21 मिनट बर्बाद हुए। सत्ता पक्ष व विपक्ष के सांसदों के सामने गंभीर प्रश्न है कि उनकी संसदीय भूमिका किस मोड़ पर खड़ी है? देश के प्रति उनके उत्तरदायित्व केवल संसद में हंगामा करने तक सीमित हो गए हैं क्या? विपक्षी में जो भी दल रहे, क्या हंगामा ही उनका धर्म बन गया है? कांग्रेस ने तो जैसे तय ही कर रखा है कि संसद नहीं चलने देना है। पिछले नौ साल में सत्र दर सत्र कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों व सांसदों का आचरण सरकार के प्रति असहयोग का ही रहा है। विपक्ष को शायद इस बात का एहसास नहीं है कि उनके हंगामा करते रहने के चलते देश के महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी उन्मूलन, कानून व्यवस्था, आर्थिक स्थिति आदि जैसे गंभीर मुद्दों पर संसद में सत्ता पक्ष को वाक ओवर मिल जाता है। विपक्ष की दिलचस्पी देश के मुद्दों पर कम और राजनीति चमकाने में ज्यादा रहती है। गंभीर मुद्दों पर सरकार को जवाब देने के लिए मजबूर करना विपक्ष का दायित्व होता है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष की सारी ऊर्जा सत्ता केंद्रित विषयों के ईर्द-गिर्द घूमती रहती है। 20 जुलाई से शुरू इस मानसून सत्र के 11 अगस्त को समाप्त होने के दिन तक लोकसभा में 20 सरकारी विधेयक पेश हुए और 22 विधेयक पारित किये गए। पारित किये गए महत्वपूर्ण विधेयकों में बहु राज्य सहकारी सोसाइटी संशोधन विधेयक 2023, डिजिटल वैयक्तिक डाटा संरक्षण विधेयक 2023, राष्ट्रीय परिचर्या और प्रसूति विद्या आयोग विधेयक 2023, राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक 2023, जन विश्वास उपबंधों का संशोधन विधेयक 2023, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र शासन संशोधन विधेयक 2023 और अंतर सेना संगठन कमान, नियंत्रण और अनुशासन विधेयक आदि 2023 शामिल हैं। लोकसभा की खास उपलब्धि सत्र के आखिरी दिन सीआरपीसी में आमूलचूल बदलाव संबंधी विधेयक किया जाना है। केंद्र सरकार ने तीन ऐसे बिल लोकसभा में पेश किए हैं जो कई कानूनों की नई परिभाषा तय करेगी। गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय न्याय संहिता बिल, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बिल और भारतीय साक्ष्य अधिनियम बिल पेश किया है। इनमें राजद्रोह कानून को पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है। पहचान छुपा कर विवाह करने पर कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। इंडियन पीनल कोड अब भारतीय न्याय संहिता कही जाएगी। विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव लाना, राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने बाद उनका सदन में भाग लेना, कई सांसदों का सत्र से निलंबन, दिल्ली में सेवा पर अधिकार संबंधी अध्यादेश को विधेयक लाकर कानून का रूप देना आदि प्रमुख घटनाएं रहीं। संसद सत्र को और अधिक उत्पादक बनाया जा सकता है, बशर्ते सत्ता पक्ष इसे उत्पादक बनाना चाहे और इसके लिए लचीला रुख अपनाते हुए विपक्ष का सहयोग ले। नूराकुश्ती की प्रवृत्ति संसद की उत्पादकता के लिए ठीक नहीं है। अमृतकाल में संसद की अपनी कार्यशैली भी बदलनी होगी।



अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

डॉ. ऐश्वर्या झा

# अमृतकाल में सशक्त-सक्षम युवा

> आज भी किसी भी देश का युवा उस राष्ट्र के विकास का सशक्त आधार होता है एवं राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास पर निर्भर करता है। युवा शक्ति के बिना देशके विकास की कल्पना करना भी असंभव है। इस साल युवा दिवस की थीम है 'युवाओं के लिए हरित कौशल एक सतत विश्व की ओर।' इस साल की थीम में सतत विकास में युवा कौशल के माध्यम से पर्यावरण से जुड़ी तमाम मुद्दों के प्रति नागरिकों से सकारात्मक किरदार के लिए आह्वान किया है। युवाओं को भौतिकतावाद से ऊपर उठकर लगन, मेहनत, देशभक्ति, समर्पण और मूल्य आधारित जीवन के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने की बड़ी आवश्यकता है।

आज़ादी के लड़ाई के बीच महादेवी वर्मा ने कहा था-'बलवान राष्ट्र वही होता है, जिसकी तरुणाई सबल होती है, जिसमें मृत्यु को वरण करने की क्षमता होती है, जिसमें भविष्य के सपने होते हैं और कुछ कर गुजरने का जज्बा होता है, वही तरुणाई है।' यह बात इक्कीसवीं सदी में भी अक्षरशः प्रासंगिक है। आज भी किसी भी देश का युवा उस राष्ट्र के विकास का सशक्त आधार होता है एवं राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास पर निर्भर करता है। युवा शक्ति के बिना देश, प्रदेश, जिला एवं गांव के विकास की कल्पना असंभव है। वर्ष 2000 से हर साल 12 अगस्त को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। इस साल युवा दिवस की थीम है 'युवाओं के लिए हरित कौशल एक सतत विश्व की ओर।' इस साल की थीम में सतत विकास में युवा कौशल के माध्यम से पर्यावरण से जुड़ी तमाम मुद्दों के प्रति नागरिकों से सकारात्मक किरदार के लिए आह्वान किया गया है। यूएनएफपीए की द स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारत की जनसंख्या 1,428.6 मिलियन (142.86 करोड़) तक पहुंच गई है, जबकि चीन की 1,425.7 मिलियन करोड़) है। रिपोर्ट के आकंड़े के अनुसार मुताबिक भारत 15 से 20 के आयु वर्ग में 25.4 करोड़ युवा आबादी के साथ दुनिया का सबसे बड़ा युवा देश बन गया है।

65 से ऊपर के लोग सिर्फ 7 प्रतिशत हैं। भारत को युवाओं का देश कहा जाता है, अर्थात हमारे देश में विकास में योगदान के लिए अथाह युवा शक्ति उपलब्ध है। जरूरत है तो इस युवा शक्ति को उचित मार्गदर्शन देकर उन्हें देश की उन्नति में भागीदार बनाने की। उनकी प्रगति राष्ट्र एवं समाज की प्रगति का द्योतक है। नई सोच, नई उमंग, चेतना, जोश और शक्ति के साथ आंखों में सपने लेकर आगे बढ़ने का नाम ही युवा है। उसमें अन्याय को चुनौती देने का साहस, समाज व राष्ट्र में परिवर्तन लाने की शक्ति भी है। युवाओं की सर्जनात्मकता सकारात्मकता निर्माण करती है और वहीं नकारात्मकता विध्वंस। भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं और उपलब्धियां बहुत हद तक इस बात पर निर्भर करती हैं कि युवाओं में कौशल, ऊर्जा और सफलता की कितनी इच्छा है तथा क्या उनमें नेतृत्व, भागीदारी और स्वेच्छा को पोषित करने वाली प्रभावशाली प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं? वैश्विक स्तर पर युवा बेरोज़गारी, नशे की लत, गरीबी, भ्रष्टाचार एवं मानसिक तनाव जैसे समस्याओं से जूझ रहा है। अमेरिका जैसा शक्तिशाली देश हो या अफ्रीका का कोई गरीब देश किसी न किसी रूप में इन समस्याओं की जूझ रहा है। युवा पुरुषों द्वारा मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या की दर बढ़ी है। दिशाविहीन युवा अपराध के रास्ते चल देता है। आंकड़ों के अनुसार आधे से अधिक आपराधिक गतिविधियों में युवाओं की संलिप्तता रहती है। नशे की लत अपराधी बनने का प्रमुख कारण है। लोक नीति-सीएसडीएस द्वारा कराए हाल में किए गए सर्वेक्षण में देश के युवाओं के समक्ष सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी के रूप में आई है। युवाओं का मानना है कि आज के समय में उनके लिए समस्या पढ़ाई के बाद नौकरी की तलाश



है। पहले की तुलना में आज नौकरी खोजना बहुत मुश्किल हो गया है। सर्वेक्षण में शामिल 36 प्रतिशत युवाओं ने बेरोजगारी को सबसे बड़ी समस्या माना है। 16 प्रतिशत युवा गरीबी को सबसे बड़ी समस्या मानते हैं। 13 फीसदी युवाओं ने कहा कि उनके लिए महंगाई सबसे बड़ी समस्या है। जब ग्रामीण युवक को आधारभूत शिक्षा के लिए जद्दोजहद करना पड़ रहा है तो तकनीक से संचालित अर्थव्यवस्था में पूरी तरह से भागीदारी कैसे कर पाएगा? आधुनिक सूचना तंत्र, प्रशिक्षण, अवसरों या आईटी कौशल तक सीमित पहुंच के कारण करियर और रोजगार के अवसरों में ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले युवा विशेष रूप से कमजोर हैं। शिक्षार्थी-कंप्यूटर अनुपात पर राष्ट्रीय पूर्णयोग 1:89 है, जिससे ग्रामीण स्कूलों में एक असमान पहुंच का संकेत मिलता है। भारत विश्व का सबसे युवा देश है। यह सुनना अच्छा लगता है, लेकिन क्या युवा आबादी का आकार भारत को जनसांख्यिकीय लाभांश का आनंद लेने में सक्षम बनाता है? विशेषज्ञों का मानना है कि देश के पास इस लाभांश को प्राप्त करने का अवसर है, लेकिन इसका उपयोग करने के लिए नीति नियंताओं को शिक्षा, श्रम और प्रशासनिक सुधार जैसे नीतिगत कदम उठाने होंगे, नहीं तो आने वाले समय में युवा आबादी का आकार भी भारत के लिए समस्या का ही रूप लेगा। पूर्व राष्ट्रपति कलाम ने कहा था कि भारत को बदलने की बड़ी चुनौती युवाओं के द्वारा हासिल की जा सकती है, क्योंकि उनके पास विचारों, महत्वाकांक्षा और क्षमता की शक्ति थी। आज युवाओं को अपने लक्ष्य को पाने के लिए विवेकानंद के शब्दों को अपनाना होगा उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। जागृत, सशक्त युवा ही राष्ट्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर सकता है। स्वतंत्रता के बाद देश ने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मामलों में अप्रतिम विकास किया है, किंतु अभी भी देश में कृषि में उत्पादकता, बेरोज़गारी, निरक्षरता, भ्रष्टाचार विषय के केंद्र में युवा की भूमिका ही है। तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था होने के कारण दुनिया भारत के भविष्य को लेकर आशान्वित है। भारत में कामकाजी उम्र की आबादी आश्रित आबादी से बड़ी है, किंतु अवसर के अनुसार युवा को उसके लिए तैयार करना एक चुनौती है। देश में हर वर्ष पंद्रह लाख से अधिक इंजीनियर और चौबीस हजार युवा पीएचडी अपनी डिग्री प्राप्त करते हैं, किंतु केवल 3 -5 प्रतिशत को ही योग्यता के अनुरूप अवसर मिल पता है। रोज़गार की आवश्यकता से शैक्षणिक संस्थानों के मध्य समन्वय स्थापित करना होगा। यह सच्चाई है कि देश के कुछ युवाओं ने तकनीक और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार या स्टार्टअप के माध्यम से देश का नाम रोशन किया है, किंतु हम इस सच्चाई से भी नहीं मुंह मोड़ सकते जिसमें देश के ग्रामीण युवा आज भी मूलभूत चुनौतियों में उलझा हुआ है। इस खाई को पाटे बिना युवा देश के प्रगति के लिए बाधक रहेगा।

भारतीय समाज में परिवार समाज की बहुत बड़ी इकाई रही है। युवा पीढ़ी को पारिवारिक व्यवस्था से लेकर आजादी के संघर्ष एवं पूर्वजों के बलिदान की महत्ता को बताना होगा। समाज के बड़े बुजुर्ग को भी जनेरशनल गैप की सच्चाई को स्वीकार कर युवाओं के आकांक्षाओं को हासिल करने में मार्गदर्शक बनना चाहिए। युवाओं को भौतिकतावाद से ऊपर उठकर लगन, मेहनत, देशभक्ति, समर्पण और मूल्य आधारित जीवन के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने की बड़ी आवश्यकता है। देश में उद्यमिता विकास, कौशल विकास, नवाचार और रोजगार सृजन के क्षेत्र को युवाओं से जोड़ा जाए। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, आधारभूत ढांचे का विकास, स्टार्टअप नीति, ईज आफ डूइंग बिजनेस आर्थिक उन्नति के टूल से युवा को जोड़ जाए तो भारत मानव विकास की नई ऊंचाई छू सकता है।

(लेखिका डीयू में एसोसिएट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## अवसर

प्रलय श्रीवास्तव



# संत रविदास मंदिर एवं कला संग्रहालय

### सागर में संत रविदास मंदिर निर्माण 12 अगस्त 2023 के अवसर पर प्रकाशनार्थ संत रविदास की वाणी, विरासत को मूर्तरूप देने का सार्थक प्रयास

संत शिरोमणि' उपाधि प्राप्त गुरु संत रविदास को लोग 'रैदास' के नाम से भी जानते हैं। संवत 1377, काशी में माघ पूर्णिमा के दिन जन्मे संत रैदास की रचनाएं आध्यात्मिक एवं सामाजिक रूप से काफी प्रगतिशील रही। रैदासजी ने अपने आचरण तथा व्यवहार से प्रमाणित किया कि मनुष्य जन्म से नहीं अपने कर्मों से महान बनता है। रैदास जन्म के कारनै होत न कोई नीच,नर कूं नीच करि डारि है, ओछे करम की कीच।। रैदास जी ने आंतरिक सत्य की खोज करके अपने शब्दों एवं कार्यों के माध्यम से अनगिनत लोगों को समस्त जीवों के प्रति सेवा व करुणा का भाव रखने हेतु प्रेरित किया। संत रामानन्द के शिष्य रैदास जी ने रविदासी- रैदासी पंथ की स्थापना की और लोगों को आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया। उनके रचे कुछ पद पवित्र ग्रंथ 'गुरुग्रंथ साहिब' में समाविष्ट है। संत रैदास की विरासत आज भारत के कई हिस्सों में सुरक्षित है।' संत रविदास मन्दिर और कला संग्रहालय' मध्यप्रदेश सरकार संत रविदास के सामाजिक परिष्कार, एकता के विचार और लोक- परिमार्जन एवं मानवता की वाणी को रक्षित करने का प्रयास करने जा रही है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने



सागर में 8 फरवरी 2023 को संत रविदास के महान कार्यों को जनभावनाओं के अनुरूप आदराजंलि देते हुए बड़तूमा में 100 करोड़ की लागत से संत रविदास मंदिर बनवाने की घोषणा की थी। वास्तव में संत रविदास की वाणी और विरासत को सुरक्षित रखकर नई पीढ़ी तक पहुंचाने हेतु मुख्यमंत्री चौहान की यह पहल एक महान संत के प्रति मध्यप्रदेश सरकार और जन-जन की सच्ची श्रद्धांजलि है। सागर, मध्यप्रदेश का सबसे प्राचीन एवं महत्वपूर्ण शहरों में से एक है। भारत के मध्य में स्थित होने से इसे देश का हृदय भी कहा जाता है। सागर जिले में निर्मित होने वाले मन्दिर एवं कला संग्रहालय का उद्देश्य कवि व समाज सुधारक संत रविदास सद्कार्यों को आदराजंलि देना एवं उनके जीवन-मूल्य व विरासत सभी को अवगत कराना है। समानता एवं ईश्वर के प्रति समर्पण भाव इस मन्दिर एवं संग्रहालय का केन्द्र बिंदु बनेगा। संत रविदास मंदिर एवं कला संग्रहालय परिसर विभिन्न सुविधाओं के साथ देश-विदेश के कई साधक, संशोधक और भक्तों को आकर्षित करेगा। आधुनिक संसाधन, प्रकाश, पेड़-पौधों से परिसर का वातावरण ज्ञान के साथ सुकून का अनुभव भी कराएगा। साथ ही, इस परिसर का निर्माण वस्तु विज्ञान के आधार पर तैयार किया जाएगा। संत रविदास मन्दिर एवं कला संग्रहालय 101 करोड़ की लागत से 11.21 एकड़ भूमि में आकार लेगा। जिसमें विविध स्वरूप शामिल रहेंगे।

इस परियोजना के मध्य में 5500 वर्गफीट में मुख्य मंदिर आकार लेगा। मंदिर नागर शैली से बनाया जाएगा। मन्दिर में गर्भगृह, अन्तराल मंडप तथा अर्धमंडप का सुंदर निर्माण होगा। मंदिर केवल पूजा का स्थान न बनकर सांस्कृतिक-आध्यात्मिक संवाद का केन्द्र बनेगा। आगंतुक भारतीय संस्कार व संस्कृति के विषय में विस्तार से जान पाएंगे। आध्यात्मिक विश्वासों पर चिंतन एवं मनन के लिए यह केंद्र मुख्य आकर्षण बनेगा। संत रविदास संग्रहालय (म्यूजियम) के प्रवेश द्वार के सामने बड़ा सा जलकुंड आकार लेने वाला है। सुन्दर नक्काशी और मूर्तियों के साथ इस जलकुंड के आसपास पेड़-पौधों से युक्त रमणीयता प्रदान की जाएगी। जल से पवित्रता का अनुभव होता है। इसलिए कुंड के पास विहार करने योग्य विशाल गलियारा बनेगा। आसपास वर्तुलाकार की भूमि पर चार गैलेरी बनेगी, जिसमें, संत रविदास जी के जीवन को विस्तृत रूप एवं आधुनिक संसाधनों की सहायता से प्रस्तुत किया जाएगा। संत रविदास की वाणी, उनके कार्य, सामाजिक योगदान, भक्ति आंदोलन में संत रविदास की भूमिका आदि विषयों को कलात्मक रूप से आधुनिक तकनीकों के साथ दर्शाया जाएगा। दस हजार वर्गफीट में पुस्तकालय और संगत सभाखंड आकार लेगा। यहां संत रविदास जी की उपलब्धियों और शिक्षाओं को संग्रहित किया जाएगा। संत रविदासजी के कृतित्व के साथ यहां आध्यात्मिक, धार्मिक पुस्तकें भी रखी जाएंगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

### महाराष्ट्र से प्रारंभ होकर देश भर में फ़ैल गए अहिंसक आंदोलन का स्मरण प्रासंगिक

# 'भारत छोड़ो आंदोलन' का मनोवैज्ञानिक पहलू



राजेश बादल
वरिष्ठ पत्रकार

बेशक़ अंग्रेज़ो ! भारत छोड़ो का आह्वान महात्मा गांधी का था,लेकिन उससे देश की देह में जो हरारत पैदा हुई थी,उसका श्रेय अनगिनत देशभक्तों को भी जाता है। महात्मा का वह रौद्र रूप हिन्दुस्तान ने पहले कभी नहीं देखा था। मगर जब तिहत्तर साल के नेता ने हुंकार भरी तो सारा मुल्क़ जैसे जोश और जज्बे से भर गया। अस्सी साल बाद जब आज़ादी के पचहत्तर साल पूरे हो चुके हैं तो महाराष्ट्र से प्रारंभ होकर देश भर में फ़ैल गए सबसे बड़े अहिंसक आंदोलन का स्मरण प्रासंगिक है।

यह भी विचार आवश्यक है कि 1942 में कौन सी परिस्थितियां थीं,जिन्होंने महात्मा गांधी को इस बड़े निर्णय के लिए बाध्य कर दिया था। करो या मरो जैसा नारा उन्होंने पहले कभी नहीं दिया था। वे जानते थे कि देश अब अभी नहीं तो कभी नहीं वाली मानसिकता में आ चुका है। महात्मा गांधी ने आठ अगस्त ,1942 को मुंबई के गवालिया मैदान में करो या मारो का नारा दिया। उसी रात वे गिरफ्तार कर लिए गए। उनके साथ साथ अन्य शिखर नेता जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल और मौलाना आज़ाद भी सींखचों के भीतर थे। द्वितीय पंक्ति के नेताओं ने भी महात्मा जी के करो या मरो मंत्र को स्वीकार कर लिया था और वे भूमिगत रहते हुए,छद्म वेश में अपने अपने ढंग से आंदोलन संचालित कर रहे थे। यही इस आंदोलन की कामयाबी का बड़ा कारण था। जब आत्मा से तार जुड़ गए तो फिर गांधी दैहिक रूप से उपस्थित हैं या नहीं, इससे क्या अंतर पड़ता था। भारत बड़े से बड़े बलिदान के लिए तैयार था, लेकिन वह कहता था कि बलिदान से पहले आज़ादी का तिलक तो लगा दीजिए। गांधी जी ने यही तो कहा था कि अगर हमले में भारत जापान के क़ब्ज़े में आ गया तो क्या भारत के लोग अंग्रेजों की गुलामी बनाए रखने के लिए जापान की गुलामी का विरोध करेंगे ? पर यदि आपने भारत को स्वतंत्र कर दिया तो उसमें नई जान आएगी। लेकिन यदि ब्रिटिश सरकार के क़ब्ज़े से भारत छीना गया तो गोरी हुक़ूमत की शान में बट्टा लग जाएगा। आज़ादी की ताज़ी हवा में अगर हमारा दम घुटता है तो घुटने दीजिए क्योंकि ग़ुलामी की ज़हरीली हवा में भी तो दम घुट ही रहा है। ज़ाहिर है कि महात्मा गांधी की यह ऐसी बुद्धिमत्ता पूर्ण सलाह थी,जो गोरी सरकार को उनके बड़े से बड़े विशेषज्ञ भी नहीं दे रहे थे। जब इस तर्क को खारिज कर दिया गया तो गांधी का ग़ुस्सा लाजिमी था। संभवतयाः यही कारण था कि महात्मा ने अगस्त 1942 में उनके जीवन का सबसे तीव्र और आक्रोश भरा आंदोलन छेड़ने का फ़ैसला किया।

## सटाका




## आज की पाती


### बरसात में सेहत का रखें विशेष ध्यान

बरसात के मौसम में पीने वाले पानी व खाने वाली चीजों के प्रति सचेत रहना चाहिए क्योंकि इस मौसम में बहुत जल्दी बीमारी लगने का खतरा रहता है। बरसात के मौसम में कई बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ जाती है। साफ-सफाई की ओर भी बहुत जरूरत होती है। इस मौसम में अपने आसपास सफाई रख करके कई बीमारियों से बचा जा सकता है। बच्चों को भी सफाई के प्रति जागरूक करना चाहिए। अपने घर में साफ-सफाई रखनी चाहिए, परंतु सफाई का मतलब यह नहीं कि घर की सफाई करके कूड़ा करकट गली-मुहल्ले में फैंक दिया जाए। यह अनुचित है। इससे भी बीमारियां फैल सकती है जो सभी को चपेट में ले सकती हैं। - **मनोज जोशी**, राजनांदगांव

## करंट अफेयर

# कोलंबो बंदरगाह पहुंचा चीन का पोत, भारत चिंतित

चीन की नौसेना का, निगरानी करने में सक्षम एक युद्धपोत कोलंबो बंदरगाह पहुंचा है। लगभग एक साल पहले चीन का एक अन्य जासूसी जहाज जब श्रीलंका के एक रणनीतिक बंदरगाह आया था तब भारत की ओर से चिंता जतायी गई थी। श्रीलंकाई नौसेना ने कहा है कि चीन की सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का नौसैनिक युद्धपोत हाइ यांग 24 हाओ बृहस्पतिवार को कोलंबो बंदरगाह पहुंचा। जहाज की वापसी शनिवार को होनी है। उसने कहा, 'कोलंबो पहुंचे 129 मीटर लंबे जहाज पर 138 लोगों का दल सवार है और इसकी कमान कमांडर जिन शिन के पास है। जहाज कल देश से प्रस्थान करने वाला है।' शुक्रवार को मीडिया में आयी खबरों के अनुसार, भारत द्वारा चिंता जताए जाने के बाद श्रीलंका ने उसका आगमन विलंबित कर दिया। 'डेली मिरर' अखबार की खबर के अनुसार, 'चीनी अधिकारियों ने इसके लिए पहले ही अनुमति मांगी थी, लेकिन भारत के प्रतिरोध के कारण श्रीलंका ने अनुमति देने में देरी की।' श्रीलंका द्वारा भारतीय अधिकारियों को जानकारी दिये जाने के बावजूद, भारत अनुसंधान जहाज की श्रीलंका यात्रा को लेकर चिंतित रहा है।



## ऑफ बीट

# अवसाद का लक्षण दुखी होना नहीं खुशी न मिलना भी है

अक्सर ऐसा माना जाता है कि अगर कोई अवसाद ग्रस्त है तो वह हर वक्त दुखी या हताश महसूस करेगा। लेकिन कई लोगों को यह नहीं मालूम कि अवसाद का केवल यही लक्षण नहीं है। अवसाद का एक और लक्षण है कि आपको उन चीजों में अब मजा नहीं आता या उनमें दिलचस्पी नहीं होती जिनमें पहले होती थी और इस लक्षण को कई बार नजरअंदाज कर दिया जाता है। इस लक्षण को 'एनहेडोनिया' के नाम से जाना जाता है और यह अवसाद से जूझ रहे 75 प्रतिशत वयस्कों तथा युवाओं में देखा जाता है। एनहेडोनिया को सभी या लगभग हर उस गतिविधि में दिलचस्पी कम होने के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनका कोई व्यक्ति पहले आनंद उठाता था। अगर किसी व्यक्ति को कम से कम दो हफ्ते से लगातार एनहेडोनिया है तो उसे अवसादग्रस्त कहा जा सकता है भले ही वह दुखी या हताश महसूस न कर रहा हो। एनहेडोनिया केवल खुशी का खोना ही नहीं बल्कि मनपसंद कामों को करने के लिए प्रेरणा की कमी होना भी है। ऐसे में सलाह दी जाती है कि हल्के अवसाद का इलाज, बात करने (टॉक) की थेरेपी से किया जाए।



## ट्रेंड

### स्वच्छ जलापूर्ति आवश्यक



स्वच्छ जल विशेषाधिकार नहीं, मानवाधिकार है। फिर भी, दुनियाभर में 2 अरब लोगों को अभी भी सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं है। लोगों को सुरक्षित, उत्पादक और स्वस्थ जीवन जीने के लिए स्वच्छ और सुरक्षित जल आपूर्ति तक पहुंच आवश्यक है।

**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### प्रार्थना में अदृश्य शक्तियां



प्रार्थनाओं में ऐसी अदृश्य शक्तियां विद्यमान होती हैं जो असंभव को संभव कर देती हैं । तनाव, भय और चिन्ताओं के कठिन समय में प्रार्थनाएँ मन की शान्ति का आधार हैं और अटूट श्रद्धा के साथ की गई प्रार्थना परमानन्द का मूल स्रोत भी हैं।

**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### पीएम बोल तो सकते हैं



जब मैंने कल प्रधानमंत्री को संसद में हंसते हुए देखा, मैं समझ नहीं पा रहा था कि हिंदुस्तान का प्रधानमंत्री ऐसा कैसे बोल सकता है? क्या प्रधानमंत्री को ये पता नहीं है कि देश में क्या हो रहा है? अगर वह मणिपुर नहीं जा पा रहे हैं, तो कम से कम उसके बारे में बोल तो सकते हैं।


**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### झूठ के सिवा क्या



जो प्रधानमंत्री कोरोना काल में लाखों लोगों की मौत पर देश की फ़िक्र छोड़कर चुनाव की फ़िक्र में डूबा था बंगाल में "दीदी ओ दीदी" कह रहा था। वो झूठ बोलने के सिवा क्या कर सकता है? भारतीय झूठा पार्टी का "झूठा प्रधानमंत्री"

**-संजय सिंह, आप सांसद**




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## लोकतंत्र के महापर्व में युवा शक्ति अपनी सकारात्मक भूमिका अदा करें : प्रभारी सरोज



सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांतारामगढ़।** राजस्थान विधानसभा चुनाव के संदर्भ में दांतारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनिल कुमार के अनुसार मतदाता जागरूकता अभियान का स्वीप रथ शुक्रवार को धोलासरी, गुवारड़ी तथा चंदेली का बास के राउमावि में पहुंचा । मोबाइल डेमोस्ट्रेसन वैन प्रभारी राजेंद्र सरोज ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर स्कूलों में प्रधानाचार्य प्रकाशचंद मीना, भंवर सिंह, बजरंग लाल वर्मा के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में मतदान योग्य हो चुके छात्र, छात्राओं के समक्ष ई वी एम प्रदर्शन किया गया जिसमे ई वी एम द्वारा मतदान करने, मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया, मतदाता सूची में नाम जुड़ाने की निर्धारित आयु, वी वी पेट मशीन से मतदाता की अपने वोट की संतुष्टि के बारे में विस्तार से समझाया गया साथ ही विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया । सहायक प्रभारी इंसाफ अली ने इस अवसर पर विद्यार्थियों और उपस्थित कार्मिको से मॉकपोल करवाया जिसमे बजरंग कुमावत,कैलाश शर्मा,जगदीश भारती,देवेंद्र सिंह,पवन शर्मा,नरेश वर्मा,छीतरमल,गंगाराम,ओंकार स्वामी सहित उपस्थित महिला कार्मिको में मधु, सविता, चंद्रकला, किरण भारती कुमकुम अजमेरा तथा रेखा चौधरी ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया प्रभारी सरोज ने सभी उपस्थित लोगों तथा विद्यार्थियों को आवश्यक रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई और कहा कि युवा देश की लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग कर महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं । स्कूलों में ई वी एम प्रदर्शन के दौरान उपस्थित नव मतदाताओं के रूप में 75 विद्यार्थियों और स्टाफ ने मॉक पोल किया । इस अवसर पर सरपंच गिरधारी लाल यादव अनेक ग्रामवासी तथा सुरक्षा कार्मिक रामसिंह, बंशीलाल आदि मौजूद थे।

## जीकेप ने किया थानाप्रभारी गुर्जर का सम्मान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर(अरविन्द कुमार)।** गुर्जर अधिकारी कर्मचारी कल्याण परिषद द्वारा जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुर्जर के नेतृत्व में दांतारामगढ़ थाना प्रभारी उमराव सिंह गुर्जर का साफा बंधवा कर व माला पहनाकर सम्मान किया। गौरतलब है कि प्रदेश में गुर्जर समाज के अधिकारी व कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए बनाए गए परिषद द्वारा समाज उत्थान के लिए भी अनेक सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष भंवर लाल गुर्जर, व्याख्याता सुरेश कुमार गुर्जर, सब इंस्पेक्टर बंशीलाल बरवाल, केशाराम बोकण, व्याख्याता शंकरलाल बजाड़, सांवरमल हाकला आदि मौजूद थे।

## नर्सेज का धरना पच्चीसवे दिन जारी, युवा नर्सेज ने संभाली कमान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** राजस्थान नर्सेज सयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले आज राज्यव्यापी आह्वान पर 10 अगस्त को पच्चीसवे दिन पीबीएम अस्पताल स्थित गोल पार्क में अनिश्चित कालीन धरना जारी रहा और मांगे नही माने जाने तक यह जारी रहेगा। संघर्ष समिति के प्रांतीय आह्वान पर आज नर्सेज नेता मुखरामबाना छोटूराम चौधरी की अगवाई में नर्सेज ने धरना लगाया जिसमे दिलीप रैन ,अनूप ढाका , संजय गिरि, केशूराम जाखड़ , सुरेंद्र कस्वा, प्रेमकुमार ,अरविंद, सुभाष पूनिया, चिरंजी लाल जी सहित नर्सेज साथियों ने भाग लिया। संघर्ष सयोजक श्रवण कुमार वर्मा ने बताया कि सरकार के आला अधिकारी आज 25 दिन बाद भी नर्सेज की सहमति सिद्ध मांगो का साकारात्मक समाधान करने करने की बजाय मुकदर्शक बने हुए है जिससे नर्सेज में आक्रोश बढ़ता जा रहा है जिसके चलते अब मजबूरन नर्सेज को अपना आंदोलन तेज करना पड़ेगा जिसके नर्सेज का लामबंदी अभियान जारी है। संघर्ष सयोजक छोटूराम चौधरी एवम सुशील यादव ने बताया कि संविदा एवम निविदा भर्ती के नाम पर नर्सेज का शोषण बंद हो तथा समस्त संविदा कर्मियों को सरकार नियमित करे ओर उनके संविदा सेवा काल का नोशनल लाभ दिया जाए, नर्सेज वेतन विसंगति, संविदा नर्सेज का नियमितीकरण, नर्सिंग निदेशालय की स्थापना , प्राथमिक उपचार का अधिकार, कैडररिव्यू, समयबद पदोन्नति, नर्सिंग ट्यूटर ए एन एम एल एच वी का पदनाम परिवर्तन, नर्सिंग छात्रों के स्टाई फंड में वृद्धि सहित अन्य मांगे शामिल । दिनांक 12.8.23 को पीडियेट्रिक अस्पताल नर्सेज साथियों द्वारा धरना लगाया जायेगा।

## रास्ता खुलवाने के लिए किसान लगा रहा चक्कर

सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार)** ।उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुण्डावरा में इन दिनों एक वृद्ध किसान आम रास्ते का अतिक्रमण हटवाने के लिए प्रशासनिक अधिकारीयों के चक्कर लगा रहा हैं। लेकिन पीड़ित किसान कि आज तक कोई सुनवाई नही हुई। किसान छीतरमल सैनी ने बताया कि पिछले 1 वर्ष से सरपंच, तहसीलदार, एसडीएम सहित जिला कलेक्टर के पास आम रास्ते से अतिक्रमण हटवाने के लिए कई बार लिखित शिकायत कर मिल चुका लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक रास्ते का अतिक्रमण हटाने में कोई रूचि नही दिखाई हैं। जबकि राजस्व रिकॉर्ड में रास्ता कटा हुआ हैं। इससे किसान का प्रशासन के प्रति रोष बना हुआ हैं। वही किसान छीतरमल सैनी ने प्रशासन से जल्द रास्ते से अतिक्रमण हटाकर खुलवाने की मांग की हैं।

विरोध हल्लाबोल...

# सरकार की वादा खिलाफी से नाराज राज्य कर्मचारियों की आक्रोश रैली में सरकार को चेतावनी

### मांगे नहीं मानने पर स्वयं और परिवार सहित के मतदान विरोध में खिलाफ करने की दिलाई शपथ





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर ।** कांग्रेस के जन घोषणा पत्र-2018 में कर्मचारियों से किए वादों को पूरा नहीं करने के विरोध में प्रदेश के हजारों राज्य कर्मचारियों ने शुक्रवार को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के आवान्ह पर शहीद स्मारक पर धरना-प्रदर्शन कर आक्रोश रैली निकाली। आक्रोश रैली सिविल लाइंस के लिए रवाना होने से पहले ही पुलिस ने बल प्रयोग कर रैली को शहीद स्मारक पर ही रोक दिया। इस दौरान कर्मचारियों और पुलिस के बीच हल्की धक्का-मुक्की भी हुई। बाद में सभा को संबोधित करते हुए महासंघ एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि आचार संहिता से पूर्व राज्य सरकार ने जन घोषणा पत्र-2018 में कर्मचारियों से किए वादों को पूरा नहीं किया तो आगामी विधानसभा चुनाव में कर्मचारी और उनके परिवार सरकार के खिलाफ मतदान करेंगा। इसके लिए राठौड़ ने सभी कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई। राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार ने जन घोषणा पत्र- 2018 में कर्मचारियों से यह वादा किया था कि सत्ता में आने पर राज्य कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दूर किया जाएगा। लेकिन सरकार ने आज तक वेतन विसंगतियों को दूर नहीं किया है। जबकि वेतन विसंगतियों के निराकरण के लिए बनी सामंत कमेटी और खेमराज कमेटी की रिपोर्ट सरकार के पास है। इसके अलावा घोषणा पत्र में संविदा कर्मियों सहित सभी अस्थाई कर्मचारियों को भी नियमित करने का वादा किया था लेकिन उस वादे को भी सरकार ने आज तक पूरा नहीं किया है। नियमितीकरण के नाम पर सरकार ने जो राजस्थान कॉन्ट्रैक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स-2023 बनाया है। वह इन कर्मचारियों के साथ धोखा है। इसमें संविदा कर्मचारियों को पूर्व सेवा के अनुभव के आधार पर प्रत्येक 3 वर्ष बाद 1 वर्ष की अधिमानता दी गई है। इससे पूर्व सेवारत नियमित कर्मचारियों और इन कर्मचारियों के बीच एक बहुत बड़ा अंतर हो गया है। यह कांट्रैक्चुअल रूल्स संविदा कर्मियों को नियमित करने के बजाय उनका संविदाकरण करने का तरीका है। जो न्यायोचित नहीं है।

धरने के बाद महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के सचिव आरती डोगरा को ज्ञापन प्रस्तुत किया। महासंघ के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़, मुख्य महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप यादव, मुख्य संरक्षक भंवर सिंह धीरावत, उपाध्यक्ष मधुबाला शर्मा, संयुक्त महामंत्री सर्वेश्वर शर्मा एवं प्रदेश मंत्री प्रहलाद राय अग्रवाल शामिल थे।

### यह रखी प्रमुख मांगे

महासंघ (एकीकृत) के मुख्य महामंत्री राजेंद्र शर्मा ने दी जानकारी के अनुसार प्रमुख मांगे निम्नलिखित है...

(1) खेमराज कमेटी और सामंत कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जावे।

(2) वेतन कटौती के 30.10.2017 के आदेशों को निरस्त कर पूर्व अधिसूचना 28.06.13 के अनुरूप पे- मैट्रिक्स निर्धारित की जावे।

(3) चयनित वेतनमान का परिलाभ 9,18 व 27 वर्ष के स्थान पर 8, 16, 24 व 32 वर्ष पर पदोन्नति पद के समान दिया जावे।

(4) राजस्थान कांट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स- 2023 में संशोधन कर संविदा कर्मियों को प्रत्येक वर्ष की पूर्ण सेवा के आधार पर नियमित किया जाए तथा इसमें ठेका कर्मियों सहित सभी अस्थाई कर्मियों को शामिल किया जाए।

(5) अधीनस्थ मंत्रालयिक संवर्ग को शासन सचिवालय के मंत्रालयिक कर्मचारियों के समान वेतन, भत्ते दिए जावे तथा द्वितीय पदोन्नति ग्रेड पे- 4200 पर सुनिश्चित की जावे।

(6) तृतीय श्रेणी अध्यापकों एवं मंत्रालयिक संवर्ग सहित समस्त अधीनस्थ कार्मिकों के स्थानांतरण गृह जिला अथवा विकल्प पत्र के अनुसार किए जावे।

(7) एमटीएस का पद सृजित कर सहायक कर्मचारी को उसमें समायोजित किया जावे तथा पफ ।इनका प्रारंभिक वेतन 18000 रुपए निर्धारित किया जावे।

(8) निविदा पर लगे कार्मिकों का न्यूनतम पारिश्रमिक ?18000 तय किया जावे तथा बजट घोषणा 2023 के अनुसार ठेका प्रथा समाप्त कर राज्य के सभी निविदा ठेका एवं प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से लगे कार्मिकों को आरएलएसडीसी का गठन कर सीधे वेतन देने के आदेश प्रदान किए जावें।

(9) राजस्थान परिवहन निगम को सरकार के विभाग के रूप में समाहित किया जावे तथा कर्मचारियों के वेतन व पेंशन का भुगतान राज्य सरकार की ट्रेजरी से किया जावे।

(10) अर्जित अवकाश की सीमा 300 दिवस से बढ़ाकर सेवानिवृत्ति तक जोड़ने के आदेश जारी किए जाएं।

(11) ग्रामीण क्षेत्र में कर्मचारियों को मूल वेतन का 10 प्रतिशत ग्रामीण भत्ता स्वीकृत किया जावे।

(12) कार्य प्रभावित कर्मचारियों के नवसृजित पदों का वेतनमान पूर्व प्रचलित पदों के वेतनमानों के समान रखा जावे।

(13) वर्ष 2009-10 से पातेय वेतन पर पदस्थापित वरिष्ठ अध्यापक एवं प्रधानाध्यापक (ग्रेड -द्वितीय) को एडहॉक प्रमोशन की दिनांक से नियमित पदोन्नति सुनिश्चित की जावे।

(14) बोर्ड, निगम व विश्वविद्यालय के सेवारत कर्मचारियों को एनपीएस के स्थान पर ओपीएस का लाभ दिया जावे।

(15) महासंघ (एकीकृत) से संबद्ध सभी संगठनों के लंबित मांग पत्रों पर द्विपक्षीय वार्ता आयोजित करा कर मांगों का निराकरण किया जावे आदि मांगे शामिल है।

### सभा को इन्होंने भी किया संबोधित

सभा को जिन कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया उनमें प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के अलावा भंवर सिंह धीरावत, कुलदीप यादव, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, अमरजीत सिंह सैनी, सुरेश धाभाई, राजेश पारीक, गिरिराज सोनी, सर्वेश्वर शर्मा, राजेंद्र कुमार शर्मा, श्री राम मीणा, मधुबाला शर्मा, देवेंद्र सिंह नरूका, ओमप्रकाश चौधरी, महेंद्र शर्मा, सुरेश नारायण शर्मा, अशोक भंडारी, महेश कुमार, सुरेश सैनी, प्रहलाद अग्रवाल , धनराज गुप्ता, राम प्रसाद चौधरी, महेंद्र सिंह शेखावत, अजय वीर सिंह , बाबूलाल शर्मा , प्रकाश यादव , सत्येंद्र कुमार शेर सिंह यादव, रमेश चौधरी, नाथू सिंह गुर्जर एवं घासी लाल शामिल है ।इनके अलावा जिलों से आए कर्मचारी नेताओं ने भी सभा को संबोधित किया जिनमें कांति कुमार शर्मा, प्रदीप गर्ग, बाबूलाल, योगेश कुमार, भगवती लाल, महबूब खान, तेज प्रकाश चतुर्वेदी, चंद्रभान चौधरी, अशोक भोभिया, छोटे लाल मीणा, प्रभु सिंह चौहान, मेहराजुद्दीन, रणजीत सिंह ,सत्यनारायण भट्ट, भागेंद्र सिंह, मनीष पहाड़िया आदि शामिल हैं।

## एडीएम सिटी का मरुधरा ब्लड हेल्पलाइन ने किया स्वागत सत्कार



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** गुरुवार को नवनियुक्त एडीएम सिटी बीकानेर ( अतिरिक्त जिला कलेक्टर, नगर ) श्रीमान जगदीश प्रसाद जी गौड ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस शुभावसर पर मरुधरा ब्लड हेल्पलाइन द्वारा उनका पुष्प गुलदस्ता देकर स्वागत सत्कार कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई। रक्तमित्र घनश्याम ओझा सारस्वत ने बताया कि एडीएम साहब ने 31 माह झुंझुनूं में अपना कार्यकाल के दौरान जनता और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया हैं। इस दौरान कोविड काल और लैंपी जैसी महामारी में भी जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहें। बीकानेर शहर में आप जैसे अनुभवी, उत्कृष्ट कार्यशैली वाले प्रशासनिक अधिकारी का पदभार ग्रहण करना हमारा परम सौभाग्य है। एडीएम साहब सामाजिक सेवा क्षेत्र में रक्तदान सेवा, गौसेवा और जरूरतमंदो की सेवा में हमेशा तत्पर रहते है। इस दौरान मरुधरा ब्लड हेल्पलाइन के विक्रम इच्छपुल्याणी अरोड़ा, कानि. मुखराम जाखड़, घनश्याम ओझा ( सारस्वत जी.एस. ), रविशंकर ओझा, मुकुंद ओझा, पीयूष जोशी आदि उपस्थित रहे।

गणमान्य लोगों ने माला व साफा पहनाकर दी शुभकामनाएं

## समाजसेवी बी.एल प्रधान का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** जिले के ग्राम पंचायत खोरा श्यामदास में ऑल इंडिया सैनी समाज सेवा संस्था जयपुर जिले के महासचिव बीएल प्रधान का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए। सभी समाज के लोगों ने समाजसेवी बीएल प्रधान को माला व साफा पहनाकर तथा केक कटवा कर शुभकामनाएं दी। वहीं समाजसेवी भागीरथ यादव ने कहां की में आपकी दीघार्यु की कामना करता हूं। आप जरूरतमंदों की यूं ही सेवा करते रहे तथा सामाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी तह दिल से निभाए व एक भामाशाह के रूप में निरंतर कार्य करते रहें। इसी बीच बी. एल प्रधान ने कहा कि आप सभी वृद्ध जनों, माता पिता व सभी मेरे युवा साथियों का आशीर्वाद हमेशा मेरे ऊपर यूं ही बना रहे जिससे कि मुझे समाज सेवा करने में एक अलग ही ताकत का आभास हो और में एक भामाशाह के तौर पर समाज में काम करता रहूं तथा हर सामाजिक कार्य में अपनी भागीदारी कर्मठ सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में निभाता रहूं। इस मौके पर पप्पू लाल सैनी ( पूर्व सरपंच ), सीताराम शेरावत ( युवा नेता भाजपा आमेर ), ओम प्रकाश सैनी (युवा नेता भाजपा), भगवान शेरावत, गोपी राम सैनी,संतोष सैनी, आनंद बन्ना रामपुरा( समाजसेवी ), राधेश्याम सैनी (पी.एस. मेंबर), डॉ सरदार सैनी (डायरेक्टर शांति नर्सिंग होम), सुभाष बिजारणिया (युवा नेता), सुनील शर्मा (युवा नेता), नन्छु राम यादव, मोहन सैनी, जितेंद्र सैनी, विकास सैनी, जय सिंह बन्ना, विकास, राजौरिया गोपाल जी राजौरिया,सुमेर सिंह पवार, दिनेश चौधरी, विकास सिंघाडिया( युवा नेता ), विष्णु सैनी आदि लोग मौजूद रहे।





# बिजली के लिए बवाल ,जीएसएसों सहित उपखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन, लामबंद हो रहें किसान

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/श्रीडूंगरगढ़ बीकानेर।** श्रीडूंगरगढ़ अंचल की अर्थव्यवस्था मुख्यतः खेती पर टिकी है और बिजली नहीं मिलने इस खेती पर संकट मंडरा रहा है। मूंगफली सहित सिचिंत कृषि में सिचाई की सख्त जरूरत है और बिजली नहीं मिलने के कारण सिचाई बाधित हो रही है। चार दिन से लगातार किसान अनेक स्तर पर विरोध प्रदर्शन करते हुए पूरी बिजली की मांग कर रहें है। विभाग के पास बिजली नहीं है और गुरूवार को किसानों ने विधायक गिरधारीलाल महिया के निवासी पर पहुंच कर भी बिजली की मांग की। आज सुबह से किसान उपखंड मुख्यालय पर पहुंचने प्रारंभ हुए और जमकर प्रदर्श- किया। किसान लगातार पूरी बिजली देने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहें है। गत दिनों से जगह जगह जीएसएस पर प्रदर्शन हो रहें है और किसानों का आक्रोश बढ़ रहा है।



आज गांव ऊपनी में भी किसान बड़ी संख्या में जीएसएस पर प्रदर्शन कर रहें है आरएलपी नेता डॉ विवेक माचरा ने आज उपखंड कार्यालय पर घेराव का आह्वान किया और अनेक गांवो से किसान पहुंचे और नारेबाजी करते हुए पूरी बिजली मांग रहें है। किसानों ने यहां उपखंड अधिकारी मुकेश चौधरी को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र व्यवस्था सुधार की मांग की है। मौके पर तहसीलदार राजवीर कड़वासरा और बिजली विभाग के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहें। प्रशासन ने पुलिस व्यवस्था भी की। मौके पर भारतीय किसान संघ के तोलाराम जाखड़, भाजपा नेता विनोदगिरी गुसाई व लकेश चौधरी भी मौजूद है।

किसान यहां सिंगल फेज काटने के आदेश को निरस्त करने, ट्रिपिंग बंद करवाने, इंदपालसर, बींझासर के फीडर और पुनरासर व जाखासर के जीएसएस का कार्य पूरा करवाने की मांग कर रहें है।

राज्य सरकार अहंकार में चूर है और किसान बिजली के लिए खून के आंसू रो रहा है। श्रीडूंगरगढ़ में किसानों में भारी आक्रोश है और बिजली के कारण हो रहें नुकसान को सरकार कम नहीं आंके। राज्य सरकार से मांग है कि राजनीति कहीं ओर करें परंतु किसानों की बिजली के मामले में कोताही नही बरते

राजनीतिक षडयंत्र है बिजली नहीं देने का, किसान तकलीफ उठाव राजनेता को कोई मतलब नहीं, बिजली विभाग के अधिकारी कह रहें है सिंगल फेस नहीं देंगे, पांच घंटे की हां नहीं करेंगे तो किसान क्या करेगा।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत धीरजपुरा ने करड़ से किया तिरंगा वितरण का आगाज



सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांतारामगढ़।** आजादी के अमृत महोत्सव पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर हर घर तिरंगा हर मन तिरंगा अभियान के अन्तर्गत भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ जिला संयोजक राजेन्द्र धीरजपुरा ने दांतारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के करड़ ग्राम में तिरंगा वितरण कर जन जन को स्वतंत्रता दिवस पर हर घर पर तिरंगा लगाने का आहवान किया।इस अवसर पर भाजपा एससी मोर्चा जिला महामंत्री बाबूलाल हलदुनिया, लवसिंह मंढ़ा,भगवान सिंह शेखावत, करणसिंह शेखावत, सुभाष कुमावत,अंगराव सिंह शेखावत, सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जीकेप ने किया दांतारामगढ़ थाना प्रभारी उमराव सिंह गुर्जर का सम्मान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांतारामगढ़। (विनोद धायल)** गुर्जर अधिकारी कर्मचारी कल्याण परिषद द्वारा जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुर्जर के नेतृत्व में दांतारामगढ़ थाना प्रभारी उमराव सिंह गुर्जर का साफा बंधवाकर व माला पहनाकर सम्मान किया। गौरतलब है कि प्रदेश में गुर्जर समाज के अधिकारी व कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए बनाए गए परिषद द्वारा समाज उत्थान के लिए भी अनेक सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष भंवर लाल गुर्जर, व्याख्याता सुरेश कुमार गुर्जर, सब इंस्पेक्टर बंशीलाल बरवाल, केशाराम बोकण, व्याख्याता शंकरलाल बजाड़, सांवरमल हाकला आदि मौजूद थे

## कोटा चंबल की धरती पर सिखवाल का हुआ भव्य अभिनंदन एवं स्वागत




सितारा न्यूज नेटवर्क

**कोटा।** शहर जो राजस्थान में शिक्षा नगरी के नाम से लोकप्रिय है उक्त शहर के केशवपुरा चौराहा स्थित शेखावटी कंपटीशन क्लासेज में कृतिका पब्लिकेशन के लेखक एवं शिक्षा मनोविज्ञान के विषय विशेषज्ञ सिखवाल,सर का भव्य अभिनंदन एवं स्वागत किया गया । सिखवाल,सर ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों मानक तैयारी के तथ्यों से सरोकार कराया, उक्त अवसर पर शेखावाटी कंपटीशन क्लासेज के संचालक शिवपाल चौधरी ने भारतीय संस्कृति के तहत गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया ।संचालक चौधरी का कहना है कि आगामी शिक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी करने वाले शेखावटी कंपटीशन क्लासेज के सभी विद्यार्थियों को शिक्षा मनोविज्ञान विषय का अध्ययन सिखवाल सर के सानिध्य में करने को मिलेगा ।सिखवाल, सर जो कि शिक्षा मनोविज्ञान विषय के विषय विशेषज्ञ जिन्होंने राजस्थान के कई जिलों में पिछले 16 सालों से विभिन्न प्रतियोगी संस्थान में शिक्षा मनोविज्ञान विषय का अध्ययन करवा रहे हैं, कोटा के विद्यार्थियों को भी उनके सान्निध्यमें शिक्षा मनोविज्ञान विषय का अध्ययन करने का अवसर मिलेगा । इस मौके पर भूगोल विषय के विषय विशेषज्ञ किशोर राठौर सर तथा कला संस्कृति के जादूगर रामदेव गुर्जर,सर एवं हिंदी विषय के विषय विशेषज्ञ जयप्रकाश सर, इतिहास विषय विशेषज्ञ रवि गौतम सर ने भी माल्या अर्पण करके सिखवाल,सर का भव्य अभिनंदन किया ।उक्त अवसर पर सिखवाल सर का यह भी कहना है कि इस प्रतियोगिता युग में वही प्रतियोगी सफल होता है जो एक मानक रणनीति से तैयारी करता है ।

## बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश:पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार, 6 बाइक जब्त

*कॉन्स्टेबल दिनेश कुमार की रही विशेष भूमिका*

**वी.पी.मीणा /बहरोड़ ।** बहरोड़ पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार किया। व 6 मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस की जानकारी के अनुसार क्षेत्र में लगातार बढ़ रही मोटरसाइकिल चोरी की घटना को लेकर सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर बहरोड़,नीमराना,शाहजहांपुर में संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश करते हुए बहरोड़ चौराहे पहुंचे जहां दो लड़के जिनके पास एक मोटरसाइकिल संदिग्ध लग रही थी। जो वाहन चोर हो सकते हैं। मुखबिर की सूचना पर तुरंत प्रभाव से पुलिस ने पहुंचकर संदिग्ध लड़के मोटरसाइकिल को स्टार्ट कर भागने लगे जिनको पकड़कर नाम पता पूछा तो अपना नाम अजय पुत्र विजय सिंह चमार बावल हरियाणा व दूसरे ने अपना नाम भीमसिंह राजपूत बावल होना बताया। जिनके पास मोटरसाइकिल के बारे में पूछा तो स्पष्ट जवाब नहीं देने पर और अधिक गहनता से पूछताछ किया तो बताया हमने अनेक मोटरसाइकिल चुराई है। जिसमें विकास पुत्र सतवीर धानक झज्जर हरियाणा को बेचना बताया। तलाश करते हुए खरीदार विकास को गिरफ्तार किया कब्जे से मोटरसाइकिल जप्त की गई। कार्रवाई में कॉन्स्टेबल दिनेश कुमार की विशेष भूमिका रही।





कॉन्स्टेबल दिनेश कुमार

### आज के दौर में सोशल मीडिया प्रचार का सशक्त माध्यमः पुलकित जैन

# बिजनेस को शरीर की तरह नहीं बल्कि संस्था की तरह चलने की जरूरतः राकेश सूरज

### अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा बिजनेस एवं सोशल मीडिया प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित






सितारा न्यूज नेटवर्क

**खाटूश्यामजी।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा की युवा एवं छात्र इकाई द्वारा खाटूश्यामजी की सेठ सांवरा धर्मशाला में चल रहे प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन बिजनेस एवं मीडिया प्रबंधन पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया।इस मौके पर बिजनेस मैनेजमेंट पर ईईपीसी के उत्तर भारत के रीजनल डायरेक्टर राकेश सूरज, मीडिया प्रबंधन पर असिस्टेंट प्रोफेसर पुलकित जैन, टीम रणनीति पर मोटीवेटर पर अरुण सर्राफ, चुनाव प्रबंधन पर डॉ अनिल सिंघानिया, श्रीराम कॉलेज की मोटीवेटर प्रोफेसर सपना बंसल और मोटिवटर रमेश सिंगला ने अपने अपने विचार रखे।कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन, महारानी लक्ष्मी एवं श्री खाटूश्यामजी की प्रतिमा के सम्मुख अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। ट्रेनरों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में रीजनल डायरेक्टर राकेश सूरज ने कहा कि अग्रवाल समाज का देश के व्यापार में एक महत्वपूर्ण रोल रहा है। अग्रवाल सरनेम आते ही उनमें बिजनेस अपने आप ही जुड़ जाता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में फैमिली बिजनेस की मान्यता घटती जा रही है और यह कटु सत्य है कि फैमिली बिजनेस तीसरी पीढ़ी में आते-जाते खत्म हो जाता है। फैमिली बिजनेस मानव की शरीर की तरह से होता है जिसे एक दिन खत्म हो जाना है। हमें अपना व्यवसाय मानव शरीर की तरह नहीं बल्कि एक संस्था की इस तरह से चलाना होगा। अगर हम अपने व्यापार को एक संस्था की तरह से चलाएंगे तो वह दिन दूनी रात चौगुनी करेगा। आज बड़ी-बड़ी कंपनियों के कोई मालिक नहीं है बल्कि उन्हें संस्थाएं चला रही हैं। उन्होंने कहा कि बिना किसी प्लानिंग के कोई बिजनेस नहीं चल सकता इसलिए व्यापार को चलाने के लिए एक व्यापक तैयारी करें। हमें अपने व्यापार में सारा काम खुद अपने हाथों में ना रखकर उन लोगों को सौंप देना चाहिए जो कि उसके लायक हैं। हर व्यापारी को देश और विदेश की ताजातरीन घटनाओं की व्यापक जानकारियां होनी चाहिए। व्यापार के क्षेत्र में क्या कुछ चल रहा है और सरकार क्या-क्या पॉलिसी बना रही है उसका पता होना चाहिए। इसके अलावा बिजनेस करते वक्त सामान्य ज्ञान का भी होना भी बेहद जरूरी है और यह सब जानकारी हमें अखबारों को पढ़ने, टीवी चैनल उसको देखने व सोशल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो सकती हैं।हमें सरकार के विभिन्न विभागों का पता होना चाहिए ताकि उन विभागों द्वारा जारी की जा रही स्कीमों का हम लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि हम किसी प्रोडक्ट्स को बनाकर अपने पास तक ही सीमित ना रखें बल्कि उसे डिस्प्ले में लाएं और उसकी ब्रांडिंग करें। कहा भी गया है कि जो दिखता है वही बिकता है। भारतीय व्यापारी की सबसे बड़ी कमी यह है कि वह सामने वाले के आगे बहुत जल्द सबकुछ खोल कर रख देता है और सामने वाला उसका मौका लगते ही लाभ उठा लेता है। इसलिए हमे अपने इमोशन पर काबू रखकर अपने प्रोडक्ट की क्वालिटी पर विशेष ध्यान देना चाहिए। बिजनेस में सप्लाई चैन और विश्वास की भावना अपना महत्वपूर्ण रोल अदा करती है। व्यापार में कभी भी देखा देखी नहीं करनी चाहिए और हर वक्त एक बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए।उन्होंने कहा कि हर व्यापारी को सरकार के द्वारा दिए जाने वाले अवार्डों विभिन्न प्रकार के आवासों के लिए हैं फार्म जरूर भरना चाहिए। इस बात की कतई चिंता नहीं करनी चाहिए कि वह अवार्ड हमें मिलेगा भी या नहीं। उन्होंने विशेष तौर पर कहा कि व्यापार में मुंहजबानी कोई कार्य कार्य ना करें। जो भी काम करें वह लिखित में होना चाहिए। किसी भी कंपनी की अपना एक डोमेन होना ही चाहिए जिससे व्यापार में उसकी प्रतिष्ठा बढ़ सके।

अपने संबोधन में डिजिटल मीडिया प्रबंधन के एक्सपर्ट प्रोफेसर पुलकित जैन ने कहा कि आज का युग सोशल मीडिया का युग है। जीवन का कोई भी क्षण सोशल मीडिया से अछूता नहीं है। डिजिटल मीडिया अपने आप में प्रचार का बहुत बड़ा प्लेटफार्म है।सोशल मीडिया अपने आप में बहुत बड़ी ताकत है। जो व्यक्ति सोशल मीडिया में नहीं है उसका जीवन डायनासोर के जीवन के समान समझा जा सकता है। सोशल मीडिया में कंटेंट और सर्च इंजन अत्यंत महत्वपूर्ण रोल है।सोशल मीडिया ने कोरोना महामारी की मुश्किल की घड़ी में मानव की हर स्तर पर सहायता की है। सोशल मीडिया के माध्यम से हम अपनी अपने प्रोडक्ट की ब्रांडिंग कर सकते हैं। सोशल मीडिया पर हर यूजर को एक्टिविटी जरूर करनी चाहिए। जो व्यक्ति सोशल मीडिया में है उसे हर रोज अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट अवश्य करनी चाहिए। उन्होने हैश टैग का जिक्र करते हुए कहा कि इसके माध्यम से हम अपनी एक्टिविटी को बहुत जल्द संख्या लोगों तक पहुंचा सकते हैं। कोई भी संदेश छोटा नहीं होता। आपके द्वारा पोस्ट की गई हर एक्टिविटी का समाज में गहरा प्रभाव पड़ता है और एक विशेष संदेश जाता है। उन्होंने विशेष रूप से ताकीद करते हुए कहा कि सोशल मीडिया में कुछ भी नहीं छुपाया जा सकता, इसलिए डिजिटल मीडिया में सोच समझकर ही पोस्ट करनी चाहिए और बच्चों को इससे दूर रहना चाहिए। सोशल मीडिया में पॉजिटिविटी के साथ साथ नेगेटिवीटी भी शामिल है। सोशल मीडिया के माध्यम से लोग सोशल बनते हैं और उनका सामाजिक जीवन में एक विशेष दायरा भी बढ़ता है। उन्होंने सोशल मीडिया यूजर्स को विशेष रूप से कहा कि सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट का रिस्पांस जरूर दें। वह रिस्पांस लाइक, कमेंट और इमोजी के माध्यम से भी दिया जा सकता है। सेमिनार के समापन पर ट्रेनरों को स्मृति चिन्ह देकर नवाजा गया।

## विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर की शतप्रतिशत मतदान की अपील

**सवाई मानसिंह स्टेडियम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन**





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जयपुर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को राजधानी के सवाई मानसिंह स्टेडियम में स्कूली बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर मानव श्रृंखला का निर्माण किया। जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने बताया कि मतदाता जागरूकता मानव श्रृंखला में एक हजार से ज्यादा स्कूली बच्चों ने भाग लिया और मानव श्रृंखला द्वारा वोट 100 प्रतिशत बनाकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बच्चे काफी उत्साहित दिखाई दिये। कार्यक्रम में जिला स्वीप कॉर्डिनेटर डॉ. स्निग्धा शर्मा, उप जिला शिक्षा अधिकारी अखिलेश सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## रण की तैयारी : शिव सेना हिंदुस्तान में हुआ नए सदस्यों का आगमन

**राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुप्ता ने दुपट्टा पहनाकर करवाया पदभार ग्रहण**



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/ज्योति गुप्ता।** राजस्थान में आगामी महीना में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और सभी पार्टियां अपनी अपनी तैयारी में जुड़ चुकी है, इसी क्रम में राष्ट्रीय शिवसेना हिंदुस्तान में नए सदस्यों व पुराने सदस्यों को जिम्मेदार पदों पर बैठाकर उन्हें भविष्य लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कार्यभार संभाला। राष्ट्रीय शिव सेना हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुप्ता ने सदस्यों को दुपट्टा पहनाकर आगमन के लिए स्वागत किया। इस दौरान पवन गुप्ता ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीतिक पदों पर आगामी चुनाव में शिव सेवा अपने प्रत्याशी उतारेगी। इसी बीच मेवात में हुई निंदनीय हिंसा की आलोचना करते हुए स्थानीय सरकार को जिम्मेदार ठहराया और सत्ता पक्ष से इस्तीफा माँगा।

## खुशी : जूनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता में राजस्थान टीम ने संशोऊ वर्ग में जीती दुसरे स्थान की ट्रॉफी

***अध्यक्ष हीरानंद कटारिया ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को दी बधाई***

**होंसला बढ़ा रहे अध्यक्ष हीरानंद कटारिया**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** भारतीय वुशू संघ के तत्वावधान में दिनांक 6 से 11 अगस्त 2023 तक पटना, बिहार में आयोजित हुई 22वी जूनियर राष्ट्रीय (बालक/बालिका) वुशू प्रतियोगिता में राजस्थान वुशू टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुये 4 स्वर्ण, 11 रजत व 8 कांस्य कुल 23 पदक अपने नाम किये। हीरानन्द कटारिया अध्यक्ष राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि 4 स्वर्ण, 4 रजत व 6 कांस्य पदको के साथ राजस्थान टीम ने संशोऊ वर्ग में ओवरआल टीम चैंपियनशिप में दुसरे स्थान की ट्रॉफी जीती। अध्यक्ष ने बताया की संशोऊ के साथ तालू में भी राजस्थान टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 रजत व 2 कांस्य पदक जीते।




**पदक विजेता खिलाडियों के नाम**

स्वर्ण पदक : मानसा थपलियाल, हेमंत गुर्जर, दिव्यांशी, महक शर्मा

रजत पदक : आशु, काव्य, भानु प्रताप पारीक, गौरांग सैनी, पियूष महेरा, खुशी, नंदिनी नेगी, रेणुका शर्मा, मनीषा भाटी

कांस्य पदक : हिमालय जटवा, यश चौधरी, दीपक चौधरी, कृष्णा चौधरी, रक्षा चावडा, पूर्ति शर्मा, मनीषा भाटी, प्रिया चौहान।

प्रतियोगिता के सभी पदक विजेता खिलाडियों व ऑफिसियल को लालचंद कटारिया, मुख्य संरक्षक राजस्थान वुशू संघ, राजाराम मील संरक्षक राजस्थान वुशू संघ, गोपाल सैनी संरक्षक राजस्थान वुशू संघ, विनोद सिंह शेखावत संरक्षक राजस्थान वुशू संघ, राजकुमार शर्मा संरक्षक राजस्थान वुशू संघ, भगवान सहाय जाटवा संरक्षक राजस्थान वुशू संघ, के. सी. घुमरिया, चेयरमैन राजस्थान वुशू संघ, श्रीमती ममता वर्मा महासचिव, राजस्थान वुशू संघ व सभी पदाधिकारियों ने पदक जीतने की बधाई दी व उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की।

## हिंगोनियां में मनाया 75वां आजादी का अमृत महोत्सव



सितारा न्यूज नेटवर्क

**हिंगोनियां /शंकरलाल कुमावत।** हिंगोनियां के ग्राम पंचायत परिसर में शुक्रवार को आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर तिरंगा पहनाकर राष्ट्रगान किया गया एवं झण्डागायन भी किया गया। इस मौके पर हिंगोनियां सरपंच छीतरमल, सचिव सुरेन्द्र देवत, डाकपाल चान्देश्वर शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, नरेगा सहायक संतोष, फूलचंद, बीरमचंद, लालाराम, भवानी सिंह नाथावत सहित महिलाएं, छात्राएं एवं कई ग्रामीण मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।



## पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया

# महिला विश्व कप : स्पेन, स्वीडन ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

सलमा पारालुएलो के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से छठी रैंकिंग पर काबिज स्पेन ने शुक्रवार को यहां नीदरलैंड को 2-1 से हराकर पहली बार महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

दो यूरोपीय मजबूत टीमों के बीच कड़े नॉकआउट मुकाबले में पारालुएलो ने 111वें मिनट में विजयी गोल दागा। नीदरलैंड की टीम चार साल पहले फ्रांस में फाइनल में अमेरिका से हार गई थी और अब दोनों टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं। मारियोना कालडेंटी ने 81वें मिनट में गोल कर स्पेन को 1-0 से बढ़त दिलाई। नियमित समय के अंतिम 10 मिनट में नीदरलैंड की डिफेंडर स्टेफानी वान डर ग्राग्ट 'खलनायिका' से 'नायिका' बन गयीं जिन्होंने अपनी टीम के लिए बराबरी गोल दागा। उनकी हैंडबॉल की वजह से ही स्पेन को 81वें मिनट में पेनल्टी मिली थी जिस पर मारियोना ने गोल दागा था। फिर 19 वर्षीय पारालुएलो ने अतिरिक्त समय में बाएं पैर से मुश्किल कोण से लगे शॉट से टीम के लिए विजयी गोल किया। इस मैच के लिए दर्शकों की संख्या 32,000 से ऊपर थी जिसमें न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हिपिकिन्स और फीफा अध्यक्ष जियानी इनफैनटिनो भी शामिल थे।

■ मारियोना कालडेंटी ने 81वें मिनट में गोल कर स्पेन को 1-0 से दिलाई बढ़त



**स्वीडन ने जापान को 2-1 से हराया**

ऑकलैंड। अमेरिका को बाहर करने वाली स्वीडन ने शुक्रवार को यहां जापान को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वर्ष 2003 में विश्व कप की उप विजेता और तीन बार तीसरे स्थान पर रही स्वीडन के लिए अलमांडा इलेस्टेड ने 32वें मिनट में बढ़त दिलाई, जिसके बाद फिलिपा एंजेल्डाल ने पेनल्टी को गोल में बदला। इससे स्वीडन की टीम पांचवीं बार सेमीफाइनल में पहुंची। फीफा रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज जापान (2011 की विजेता) के बाहर होने से विश्व कप का खिताब किसी नई टीम को मिलेगा। उसके लिए होनाका हयाशी ने 87वें मिनट में गोल दागा। स्वीडन ने कभी भी विश्व कप या ओलंपिक में खिताब नहीं जीता है।

### खबर संक्षेप



### रायुडू ने सेंट् किट्स से करार किया

**मुंबई।** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने सेंट किट्स एवं नेविस पैट्रियट्स से करार किया है जिससे वह कैरेबियाई प्रीमियर लीग में भाग लेने वाले देश के दूसरे खिलाड़ी बन सकते हैं। रायुडू इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले थे। रायुडू ने सेंट किट्स एवं नेविस पैट्रियट्स टीम से 'मार्की' खिलाड़ी के तौर पर करार किया है। अगर रायुडू को मैच में खेलने का मौका मिलता है तो वह प्रवीण ताम्बे के बाद सीपीएल में खेलने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे।

### ज्योति ने जगरेब से अनुबंध बढ़ाया

**मुंबई।** भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी ज्योति चौहान ने शुक्रवार को क्रोएशियाई क्लब डब्ल्यूएफसी डिनामो जगरेब से एक और सत्र के लिए अनुबंध बढ़ा दिया। ज्योति का अनुबंध 'एलीट वुमैन्स ट्रायल्स' के दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की बदौलत बढ़ाया गया। ट्रायल्स का आयोजन 'वुमैन स्पोर्ट्स फोरम' द्वारा 'एमपीएल फाउंडेशन' और भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी संघ के साथ मिलकर कराया गया था।

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी का फाइनल मुकाबला आज

# भारत-मलेशिया में होगा खिताबी मुकाबला, जापान को 5-0 से रौंदा

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारत ने अपने आक्रामक और रणनीतिक खेल का खूबसूरत नजारा पेश करते हुए शुक्रवार को यहां जापान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। भारत का सामना शनिवार को मलेशिया से होगा। मलेशिया ने पहले सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को 6-2 से पराजित किया। भारत ने राउंड रोबिन लीग चरण में मलेशिया को 5-0 से करारी शिकस्त दी थी और वह फाइनल में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा।

तीन बार के चैंपियन भारत की तरफ से आकाशदीप सिंह (19वें मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (23वें मिनट), मनदीप सिंह (30वें मिनट), सुमित (39वें मिनट) और सेल्वम कार्ति (51वें मिनट) ने गोल किए। जापान ने लीग चरण में भारत को 1-1 से बराबरी पर रोका था लेकिन शुक्रवार को दूसरे सेमीफाइनल में पहले क्वार्टर को छोड़कर भारतीयों के सामने उसकी एक नहीं चली।



### चौथी बार ट्रॉफी जीतने का मौका

भारत के पास चौथी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का मौका है। भारत 3 बार यह खिताब जीत चुका है। टीम ने पिछला खिताब 2016 में जीता था। वहीं टीम इंडिया 2018 में पाकिस्तान के साथ संयुक्त विजेता भी रही थी।

### श्रीजेश 300 मैच खेलने वाले 9वें भारतीय

भारतीय टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश 300 मैच खेलने वाले नौवें भारतीय बने। उनके अलावा दिलीप तिर्की (412), धनराज पिल्ले (339), बलजीत सिंह ढिल्लन (327), सरदार सिंह (314), परगट सिंह (313), मुकेश कुमार (307), बलजीत सिंह सैनी (304) और मनप्रीत सिंह (320+) मैच खेल चुके हैं। श्रीजेश और मनप्रीत सिंह एक्टिव प्लेयर हैं।

### मलेशिया ने कोरिया को दी मात

मलेशिया ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए शुक्रवार को यहां गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 6-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मलेशिया की तरफ से फैजल सारी, शेलो सिल्वरियस, अबू कमाल अजराई और नजमी जाजलान जबकि कोरिया के लिए वू चेओन जी और कप्तान जोंगह्युन जांग ने गोल किए।

## सुजय और आयुष ने छत्तीसगढ़ को बनाया बैडमिंटन चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वेस्ट जोन इंटर स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से बड़ी जीत हासिल की है। इंदौर में आयोजित चैंपियनशिप में गुजरात, गोवा और महाराष्ट्र के साथ छत्तीसगढ़ ने भी हिस्सा लिया था।

युगल प्रतियोगिता में शहर के सुजय तंबोली और आयुष की जोड़ी ने दूसरे राज्यों के खिलाड़ियों को हराकर जीत हासिल की। सलामी जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में महाराष्ट्र को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जिसके बाद अंतिम दिन फाइनल में मध्यप्रदेश को 21-16 से जीत अपने नाम कर लिया। सुजय और आयुष का उत्कृष्ट प्रदर्शन विपक्षी टीम के लिए हार का कारण बना।

मध्यप्रदेश को छत्तीसगढ़ के दोनों खिलाड़ियों ने अंतिम समय तक बढ़त बनाने का मौका ही नहीं दिया। चैंपियनशिप के साथ दोनों खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल भी अपने नाम किया। इसके अलावा अंडर 19 में मिक्स डबल प्रतियोगिता में तनु और सौरभ साहू विजेता रहे। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया गया।

### हर दिन 5 घंटे किया अभ्यास

*चैंपियनशिप में जीत हासिल करने टीम के खिलाड़ी दो महीने से तैयारी कर रहे थे। सुजय ने बताया कि 10 सालों में बैडमिंटन के राज्य और नेशनल मैच में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया है। रोजाना 5 घंटे बैडमिंटन का अभ्यास करते हैं। अब छत्तीसगढ़ के साथ दूसरे राज्यों में बैडमिंटन प्रतियोगिता में जीत हासिल करना लक्ष्य है। चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण दूसरे राज्यों के नेशनल खिलाड़ियों का जलवा नहीं चला। बिना हारे लगातार मैच में जीत हासिल की।*

## रवींद्र जडेजा का 3 बार हुआ डोप टेस्ट

**नई दिल्ली ।** भारत के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने इस साल जनवरी से अब तक डोप टेस्ट के लिए तीन बार सैंपल दिए। इसके साथ ही वह सबसे ज्यादा तीन बार डोप टेस्ट किए जाने वाले क्रिकेटर बन गए हैं। नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

# रोहित बोले- नंबर-4 पोजिशन बड़ी समस्या:युवी के बाद कोई टिका ही नहीं

## श्रेयस फिट नहीं हुए तो वर्ल्ड कप में दिक्कतें आएंगी

**नई दिल्ली ।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, 'एशिया कप और वर्ल्ड कप से पहले नंबर-4 की पोजिशन हमारे लिए सबसे बड़ी समस्या है। युवराज (सिंह) के रिटायरमेंट के बाद से इस पोजिशन पर कोई खिलाड़ी अपनी जगह पक्की नहीं कर सका। अगर श्रेयस अय्यर समय पर फिट नहीं हुए तो हमें एशिया कप और वर्ल्ड कप में बहुत दिक्कतें आएंगी।'

36 साल के रोहित ने मुंबई में 'ला लीगा' के स्पेशल इवेंट में रिपोर्टर्स के सवालों के जवाब दिए। रोहित फुटबॉल लीग 'ला लीगा' के नए ब्रांड एम्बेसडर बनाए गए हैं। स्पेनिश लीग 11 अगस्त से स्पेन में शुरू हो रही है।

'नंबर-4 पोजिशन लम्बे समय से हमारे लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। युवी (युवराज सिंह) के रिटायरमेंट के बाद से इस पोजिशन पर कोई भी टिक नहीं सका। श्रेयस (अय्यर) ने पिछले कुछ समय में इस पोजिशन पर अच्छा परफॉर्म किया है। उनके स्कोर भी अच्छे हैं, लेकिन इंजरी के कारण बहुत परेशानी हुई। इंजरी के चलते उन्होंने कई मैच मिस किए।

सच कहूं तो इंजरी ने पिछले 4-5 साल में टीम को बहुत परेशान किया। इंजरी की वजह से जब प्लेयर्स अवेलेबल नहीं रह पाते तो नए खिलाड़ियों को मौका मिलता है। लेकिन इंजरी या फॉर्म के कारण नंबर-4 की पोजिशन पर कोई खिलाड़ी टिक ही नहीं पाया।'




'श्रेयस (अय्यर) और केएल (राहुल) इंजरी और सर्जरी के कारण 4 महीने से क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। दोनों की सर्जरी हुई। मेरी भी सर्जरी हुई थी, मुझे पता है इसके बाद कैसा महसूस होता है। फॉर्म में आना (सर्जरी के बाद) मुश्किल रहता है, लेकिन हम देखेंगे कि दोनों प्लेयर्स कैसा रिस्पॉन्ड कर रहे हैं। इसके बाद ही उनके सिलेक्शन पर विचार होगा।

केएल राहुल (बाएं) ने इस साल मई और श्रेयस अय्यर (दाएं) ने मार्च से क्रिकेट नहीं खेला। दोनों इंजर्ड होने के कारण टीम से बाहर हुए, दोनों की सर्जरी हुई। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों खिलाड़ी कुछ दिनों में ठ3अ में प्रैक्टिस मैच खेलेंगे।

केएल राहुल (बाएं) ने इस साल मई और श्रेयस अय्यर (दाएं) ने मार्च से क्रिकेट नहीं खेला। दोनों इंजर्ड होने के कारण टीम से बाहर हुए, दोनों की सर्जरी हुई। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों खिलाड़ी कुछ दिनों में ठ3अ में प्रैक्टिस मैच खेलेंगे।

'सिलेक्शन मीटिंग कुछ ही दिनों में होगी। हम इंजरी से वापसी कर रहे खिलाड़ियों पर बात करेंगे। लेकिन सच कहूं तो किसी के भी सिलेक्शन की गारंटी नहीं है, सभी को टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए परफॉर्म करना ही होगा। हम देखेंगे कि वर्ल्ड कप और एशिया कप से पहले टीम का कॉम्बिनेशन किस तरह जा रहा है, उसी हिसाब से टीम चुनेंगे।हम किसी भी खिलाड़ी के लिए नहीं कह सकते कि आपकी जगह टीम में तय है। हां, कुछ खिलाड़ियों को जरूर पता है कि वे खेलेंगे ही। वेस्टइंडीज में 3 वनडे खेलने से हमें कुछ नए खिलाड़ियों के बारे में पता चला। आगे एशिया कप भी है, जहां अच्छे लेवल की टीमों से सामना होगा।'

## टी20 : वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबला स्टार स्पोर्ट्स पर आज रात 8 बजे

# भारत की बल्लेबाजी को लेकर चिंता कायम, श्रृंखला बराबर करने पर नजर

एजेंसी ▶▶| लॉडेरहिल

भारतीय टीम अपने बल्लेबाजों से उम्मीद करेगी कि वे अच्छा प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक और जीत से श्रृंखला बराबर करने में मदद करें। भारत भले ही तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत से श्रृंखला में बने रहने में कामयाब हुआ हो लेकिन वेस्टइंडीज अब भी श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रही है।

मेजबान टीम की बल्लेबाजी इकाई को लेकर चिंता अब भी बरकरार है। सूर्यकुमार यादव को पिछले मैच में अपने आक्रामक रवैये में बल्लेबाजी करते हुए देखना काफी सुखद था और तिलक वर्मा ने भी कुछ महत्वपूर्ण रन का योगदान किया था। लेकिन भारत की सलामी जोड़ी का लचर प्रदर्शन जारी रहा। भारत ने ईशान किशन को आराम देकर यशस्वी जायसवाल को टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कराया था। लेकिन लगातार तीसरे मैच में सलामी जोड़ी फिर प्रभावित नहीं कर पायी और महज छह रन ही बना सकी।




### सलामी बैटरों का रन बनाना जरूरी




पिछले दो मैचों में किशन और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए महज पांच और फिर 16 रन बनाए जिससे मध्यक्रम पर दबाव बन गया था।भारत इस मैच में किशन की वापसी करायेगा या नहीं, यह देखना होगा। लेकिन टीम प्रबंधन उम्मीद करेगा कि इस 'करो या मरो' के मैच में सलामी बल्लेबाज ज्यादा असरदार प्रदर्शन दिखाएं। यह जानते हुए कि भारत का निचला क्रम बल्लेबाजी में इतना सक्षम नहीं है तो इससे शीर्ष पर खेल रहे बल्लेबाजों के लिए रन बनाना निहायती जरूरी है।

### कुलदीप ने किए तीन शिकार

कुलदीप यादव ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए टीम में वापसी की थी और उनके प्रदर्शन से निश्चित रूप से भारत के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वह अंगूठे में सूजन की वजह से दूसरे टी20 अंतराष्टीय में नहीं खेले थे। बाएं हाथ के इस कलाई के स्पिनर ने चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट झटके।

### स्पिनर दिलाएंगे विकेट

वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरन इस पूरी श्रृंखला में भारत के लिए सबसे बड़ी समस्या रहे हैं लेकिन कुलदीप ने इस बाएं हाथ के खिलाड़ी को लय में आने से पहले ही आउट कर दिया। पिछले मैच में तीनों स्पिनरों कुलदीप, अक्षर, युजवेंद्र चहल ने अच्छा प्रदर्शन किया था और भारत को सेंट्रल ब्रोवार्ड स्टेडियम में भी उनसे ऐसे ही प्रदर्शन की दरकार होगी।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

भारतीयों को जल्द नाइजर छोड़ने को कहा

# बिगड़ते हालातों के बीच भारत ने जारी किया परामर्श

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

अफ्रीकी देश नाइजर में सेना के तख्तापलट के बाद चिंताजनक हुए हालातों के बीच भारत ने अपने नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है। जिसमें जल्द से जल्द उन्हें नाइजर छोड़ने की सलाह दी गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि नाइजर में चल रहे मौजूदा घटनाक्रम पर हम बारीकी से नजर बनाए हुए हैं। मौजूदा हालातों के बीच जिन भारतीयों का नाइजर में रहना जरूरी नहीं है। उन्हें जल्द से जल्द नाइजर छोड़ने की सलाह दी जाती है। नाइजर में रहने वाले भारतीय नागरिक यह भी ध्यान रखें कि वहां पर फिलहाल हवाई सेवाएं बंद हैं। ऐसे में अगर वो सड़क मार्ग से देश छोड़ रहे हैं। तो वह अपनी सुरक्षा को लेकर अत्यधिक सावधानी बरतें।

### सरकार ने जारी किए आपातकालीन नंबर

सरकार ने भारतीयों की मदद के लिए नियामी स्थित भारतीय दूतावास का आपातकालीन नंबर +227 9975 9975 भी जारी किया है। अरिंदम ने कहा कि नाइजर में फिलहाल 250 भारतीय नागरिक हैं।

अफ्रीकी देश नाइजर में चिंताजनक हालातों के बीच भारत ने अपने नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है। मौजूदा हालातों के बीच जिन भारतीयों का नाइजर में रहना जरूरी नहीं है। उन्हें जल्द से जल्द नाइजर छोड़ने की सलाह दी जाती है।



### स्थिति सामान्य होने तक अपनी योजना पर दोबारा विचार करें

#### कराएं रजिस्ट्रेशन

विदेश मंत्रालय द्वारा परामर्श में कहा गया है कि जो लोग आने वाले दिनों में नाइजर जाने की योजना बना रहे हैं। उन्हें भी स्थिति सामान्य होने तक अपनी योजना पर दोबारा विचार करने की सलाह दी जाती है। जल्द से जल्द दूतावास कार्यालय में रजिस्ट्रेशन करवाएं।

#### राजनयिक परिसरों की सुरक्षा अनिवार्य

ब्रीफिंग में अरिंदम ने कुछ अन्य प्रश्नों के भी जवाब दिए। जिसमें खालिस्तान समर्थकों की बढ़ती हिंसा के मामले पर उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि हमारे ब्रिटेन पक्ष और सभी मेजबान सरकारों को हमारे राजनयिक परिसरों और हमारे कर्मियों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने की जरूरत है। 15 अगस्त को लेकर उन्होंने कहा, बेशक हमारे पास हमेशा अतिरिक्त उपाय होते हैं, जिनका हम अनुरोध करते हैं। कुछ मामलों में हमें कुछ धमकियों का पता चला है। लेकिन सुरक्षा उपायों पर मैं चर्चा नहीं करना चाहता।

#### अन्य टीमों की तरह पाक संग होगा व्यवहार

*आईसीसी विश्व कप में पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के खेलने को लेकर उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के साथ आईसीसी विश्व कप में भाग लेने वाली किसी भी अन्य टीम की क्रिकेट टीम की तरह ही व्यवहार किया जाएगा। श्रीलंका में एक चीनी जहाज के आने से जुड़ी खबरों को लेकर अरिंदम ने कहा कि मैं इस बात पर जोर दूंगा कि भारत सरकार के सुरक्षा हितों पर असर डालने वाले किसी भी घटनाक्रम की सावधानी पूर्वक निगरानी करती है और उनकी रक्षा के लिए तमाम जरूरी सुरक्षा उपाय करती है।*

'भारत को अपने नेता पर है भरोसा'

# पीएम मोदी के समर्थन में बोलीं अमेरिकी सिंगर



एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

गुरुवार को देश की लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष के द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने कई विषयों को लेकर अपनी बात रखी। इसमें मणिपुर का विषय भी शामिल था। पीएम मोदी ने मणिपुर को लेकर कांग्रेस को भी घेरा। हालांकि पीएम मोदी के भाषण के दौरान विपक्ष ने जमकर हंगामा किया लेकिन अफ्रीकी-अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका मैरी मिलबेन ने ट्वीट कर पीएम मोदी के भाषण का समर्थन किया है।

#### 'मणिपुर की माताओं, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को न्याय मिलेगा'

मिलेबन ने ट्वीट करते हुए कहा कि भारत को अपने नेता पर पूरा भरोसा है। मणिपुर की माताओं, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को न्याय मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्ष बिना किसी तथ्य के केवल जोर-जोर से नारे लगाएगा। मिलेबन ने अपने ट्वीट में लिखा, 'भारत को अपने नेता पर भरोसा है। भारत के मणिपुर की माताओं-बेटियों और महिलाओं को न्याय मिलेगा। पीएम मोदी हमेशा आपकी आजादी के लिए लड़ेंगे।'

#### विपक्ष बिना किसी तथ्य के चिल्लाएगा

उन्होंने अपने ट्वीट में लिखते हुए कहा कि जो पार्टी अपने सांस्कृतिक विरासत का अपमान करती है। देश के बच्चों को राष्ट्रगान गाने से वंचित करती है। विदेशों में किसी के देश को अपमानित करती है, वह नेतृत्व नहीं होता। वह सिद्धांतहीनता है। बेईमान मीडिया झूठे व्याख्यानों को दिखाएगी। विपक्ष बिना किसी तथ्य के जोर-जोर से चिल्लाएगा। लेकिन सच्चाई, सत्य हमेशा लोगों को आज़ाद करेगा।

## खबर संक्षेप

### फरनांडो हत्या मामला 6 कोलंबियाई गिरफ्तार

**क्विटो।** इक्वाडोर में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार फरनांडो विल्लविसेंशियो की हत्या के सिलसिले में पुलिस ने छह संदिग्ध कोलंबियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है और एक संदिग्ध पुलिस मुठभेड़ में मारा गया है। सभी आरोपी संगठित आपराधिक समूह से संबंधित हैं और अपने साथ हथियार लेकर कब्जा किए गए एक मकान में छुपे हुए थे।



### ईरान, अमेरिका कैदियों को करेंगे रिहा

**दुबई।** ईरान और अमेरिका के बीच 'अदला-बदली समझौते' के तहत तेहरान की एविन जेल से चार अमेरिकी-ईरानी दोहरे नागरिकों को रिहा करने पर सहमत हुआ है। तीसरे देश की मध्यस्थता वाले समझौते के तहत, अमेरिका में जेल में बंद पांच ईरानियों को रिहा करेगा और दक्षिण कोरिया में ईरान के जमे हुए धन को अनब्लॉक कर उसे कतर में स्थानांतरित किया जाएगा।



### बंगलादेश में डेंगू से 364 लोगों की मौत

**ढाका।** बंगलादेश में पिछले 24 घंटों में डेंगू के कुल 2,959 मरीज़ों की पुष्टि हुई, जो इस साल अब तक एक दिन में सबसे अधिक संख्या है। साथ ही इसी अवधि में डेंगू से 12 लोगों की मौत हो गई। इस साल अब तक डेंगू के मामलों की संख्या बढ़कर 78,028 हो गई है। जहां अगस्त में अब तक 113 मौतें हुईं, वहीं जुलाई में 204 और जून में 34 मौतें हुईं।



### सीरियाई सैनिकों की बस पर हमला 20 की मौत

**बैरूत।** सीरिया के पूर्वी हिस्से में कुछ लोगों ने एक बस पर ताबड़तोड़ फायरिंग में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए हैं। ऐसा माना जा रहा है कि यह हमला इस्लामिक स्टेट समूह के सदस्यों द्वारा किया गया था, जिनके सीरिया के कुछ हिस्सों में स्लीपर सेल 2019 में अपनी हार के बावजूद अभी भी घातक हमले कर रहे हैं।



### इजरायली हमला, एक फिलिस्तीनी की मौत

**रामल्ला।** उत्तरी वेस्ट बैंक के फिलिस्तीनी शरणार्थी शिविर तुल्करम में इजरायली सैनिकों के साथ हुए झड़प में शुक्रवार को एक फिलिस्तीनी की मौत हो गई जबकि अन्य लोग आठ घायल हो गए। झड़प के दौरान इजरायली सैनिकों की गोली लगने से 24 वर्षीय महमूद जराद की मौत हो गई। गोलीबारी में आठ अन्य फिलिस्तीनी घायल हो गए।



रंग लाया भारत का दबाव, करीब 1 करोड़ का नया कोष बनाने का किया ऐलान

# खालिस्तानी चरमपंथियों की कमर तोड़ने के लिए ब्रिटेन ने बनाया नया कोष

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

*भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए ब्रिटेन के सुरक्षा मंत्री टॉम टुगेंडहाट की विदेश मंत्री जयशंकर के साथ राजधानी में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। टुगेंडहाट ने ब्रिटेन में खालिस्तानी चरमपंथियों से निपटने की क्षमता बढ़ाने के लिए इस करीब 1 करोड़ का नया कोष बनाने की घोषणा की है।*

ब्रिटेन के सुरक्षा मंत्री टॉम टुगेंडहाट ने खालिस्तान समर्थक चरमपंथ से निपटने के लिए एक बड़ी घोषणा करते हुए 95 हजार पाउंड का एक नया कोष बनाने का ऐलान किया है। दरअसल बीते गुरुवार से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए ब्रिटेन के सुरक्षा मंत्री टॉम टुगेंडहाट की विदेश मंत्री एस.जयशंकर के साथ राजधानी में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें टुगेंडहाट ने ब्रिटेन में खालिस्तानी चरमपंथियों से निपटने की क्षमता बढ़ाने के लिए इस करीब 1 करोड़ का नया कोष बनाने की घोषणा की है। यह कोष खालिस्तान समर्थक चरमपंथ से उत्पन्न खतरे के बारे में ब्रिटेन की सरकार की समझ बढ़ाएगा। साथ ही संयुक्त चरमपंथ कार्यबल के माध्यम से ब्रिटेन और भारत के बीच पहले से जारी संयुक्त कार्य को अनुकूल बनाएगा, जो सराहनीय है।

#### भारत के दबाव का परिणाम

यहां बता दें कि बीते कुछ समय में ब्रिटेन समेत दुनिया के कई देशों में खालिस्तानी समर्थकों की उग्र, हिंसक भारत विरोधी गतिविधियां देखने को मिली हैं। जिसके बाद केंद्र सरकार ने भारतीय राजनयिकों, दूतावासों, मिशन से जुड़ी इमारतों, भवनों की सुरक्षा को पुख्ता बनाने के मुद्दे को जोरशोर से उठाया। ब्रिटेन की यह घोषणा भारत के दबाव का ही परिणाम है। उधर इस बैठक को लेकर एस.जयशंकर ने ट्वीट कर कहा कि हमारी बातचीत में भारत और ब्रिटेन की भागीदारी को और अधिक समसामयिक और उत्पादक बनाने पर चर्चा की गई। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य हमें साझेदारी को विकसित करने के कई अवसर प्रदान कर रहा है।

#### खास बातें

- ब्रिटिश सुरक्षा मंत्री टुगेंडहाट सीबीआई मुख्यालय भी जाएंगे
- चरमपंथ के खिलाफ हमारी समझ और क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना होगा
- खालिस्तानी चरमपंथियों से निपटने की क्षमता बढ़ाने के लिए इस करीब 1 करोड़ का नया कोष बनाने की घोषणा की



#### एनएसए से होगी मुलाकात

ब्रिटिश सुरक्षा मंत्री टुगेंडहाट राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ भी मुलाकात करेंगे। इसके अलावा शनिवार को कोलकाता जाने से पहले उनका केंद्रीय जांच एवं अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मुख्यालय जाने का भी कार्यक्रम है।

#### दोनों देशों के बीच गहरी साझेदारी

ब्रिटेन के सुरक्षा मंत्री ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच जीवंत सेतु हमारी गहरी और स्थायी दोस्ती को दर्शाता है। विश्व के सबसे पुराने और बड़े लोकतंत्र के रूप में हमारे पास दुनिया को एक सुरक्षित और अधिक समृद्ध स्थान बनाने के लिए कई साझा अवसर हैं। हमारे दोनों देशों के बीच गहरी साझेदारी का अर्थ है कि हम उन सुरक्षा खतरों से अधिक प्रभावी ढंग से निपट सकते हैं। जिनका हम दोनों सामना कर रहे हैं। टुगेंडहाट ने कहा, मैं हर तरह के चरमपंथ के खिलाफ हमारी समझ और क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। गौरतलब है कि टुगेंडहाट भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। इसी के तहत उन्होंने भारत की अध्यक्षता में भ्रष्टाचार रोधी जी-20 बैठक में शामिल होकर खुशी हो रही है। भ्रष्टाचार हमारी समृद्धि को, समाज को नुकसान पहुंचाता है और हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालता है।

अमेरिका के राष्ट्रपति की चेतावनी

# चीन की अर्थव्यवस्था टाइम बम है, कभी भी फट सकता

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूटा में एक पॉलिटिकल मनी फंडिग प्रोग्राम में कहा कि चीनी अर्थव्यवस्था एक टाइम बम की तरह, जो कभी भी फट सकती है। उन्होंने कहा कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश चीन संकट में है। अमेरिका चीन को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता। वह चीन के के साथ तर्कसंगत संबंध चाहता है। बाइडेन ने एक आदेश पर साइन किया है, जो कंप्यूटर चिप्स जैसे क्षेत्रों में अमेरिकी निवेश पर रोक लगाने का काम करेगी। इस पर चीन ने कहा कि वह आदेश के बारे में गंभीर रूप से चिंतित है।



#### जिनपिंग हैं तानाशाह

जो बाइडेन ने कहा कि कमजोर विकास के कारण चीन संकट में है। उन्हें कुछ समस्याएं हैं। यह अच्छा नहीं है क्योंकि जब बुरे लोगों को समस्या होती है, तो वे बुरे काम करते हैं। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पिछले महीने जून को एक मनी फंडिग प्रोग्राम में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को तानाशाह भी कहा था, जिसको लेकर चीन ने उकसावे वाली कार्रवाई बताया था।

'मेक इन इंडिया' से हो रहा सब संभव

# विनिर्माण क्षेत्र की नई महाशक्ति बनकर विश्व में उभर रहा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मेक इन इंडिया देश में निवेश को सुविधाजनक बनाना, नवप्रयोग को बढ़ावा देना, कौशल विकास में वृद्धि करना, बौद्धिक संपदा को सुरक्षा देना तथा सर्वोत्तम श्रेणी का मैन्युफैक्चरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्मित करने का काम करता है। मेक इन इंडिया कार्यक्रम को सहयोगात्मक प्रयासों को आधार बनाकर शुरू किया गया है। भारत सरकार के नए प्रयासों एवं पहलों की मदद से निर्माण क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है।




निर्माण को बढ़ावा देने एवं संवर्धन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 सितम्बर 2014 को 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम की शुरुआत की थी ताकि इस कार्यक्रम से भारत को महत्वपूर्ण निवेश एवं निर्माण, संरचना तथा अभिनव प्रयोगों के वैश्विक केंद्र के रूप में बदला जा सके।

#### ये है मेक इन इंडिया

सरकार का लक्ष्य देश में संस्थाओं के साथ-साथ अपेक्षित सुविधाओं के विकास द्वारा व्यापार के लिए मजबूत बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सरकार व्यापार संस्थाओं के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक गलियारों और स्मार्ट सिटी का विकास करना चाहती है। मेक इन इंडिया देश में निवेश को सुविधाजनक बनाना, नवप्रयोग को बढ़ावा देना, कौशल विकास में वृद्धि करना, बौद्धिक संपदा को सुरक्षा देना है।

राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन विधेयक 2023

# केंद्र देगा शोध क्षेत्र के लिए 50 हजार करोड़ प्रख्यात शोधकर्ता और पेशेवर होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार इस बार रिसर्च और डेवलपमेंट से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक को लेकर आई जिसे लोकसभा और राज्यसभा में पारित किया गया। इससे वैज्ञानिक अनुसंधान क्षेत्र को बड़े लाभ होने वाले हैं। शिक्षा और अध्ययन जीवन में सतत चलने और काम आने वाली प्रक्रियाओं में से एक हैं। केंद्र ने इस प्रक्रिया को और संकल्पित बनाने का बीड़ा उठाया है। भावी भविष्य प्रौद्योगिकी और शोधपरक शिक्षा पर ही टिका हुआ है। इससे जुड़ा एक महत्वपूर्ण बिल "राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन विधेयक 2023" लोकसभा और राज्यभा में पास हो गया था। विधेयक के बारे में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 के बाद कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। सरकार ने देश में विज्ञान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक भारत के लिए एक निर्णायक साबित होगा।



#### यह हैं लाभ

यह विधेयक राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिशों के अनुसार देश में वैज्ञानिक अनुसंधान की उच्च स्तरीय रणनीतिक दिशा प्रदान करने के लिए एक शीर्ष निकाय, राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एनआरएफ) की स्थापना करेगा। पांच वर्षों के दौरान इसकी कुल अनुमानित लागत 50 हजार करोड़ रुपए है। डीएसटी एनआरएफ का प्रशासनिक विभाग होगा जो एक गवर्निंग बोर्ड द्वारा शासित होगा।

#### एसईआरबी विधेयक को भी करेगा निरस्त

राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन विधेयक का उद्देश्य गणित, विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी तथा पर्यावरण और पृथ्वी विज्ञान सहित प्राकृतिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता के लिए महत्वपूर्ण उच्च स्तरीय मार्ग दर्शन प्रदान करने के लिए अनुसंधान राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन की स्थापना करना है। यह विधेयक 2008 में संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) को भी निरस्त कर देगा और इसे एनआरएफ में शामिल करेगा।

धरती पर दोस्ती के बाद चांद पर मिलेंगे भारत और रूस

# चंद्रयान-3 के बाद रूस का लूना-25 लॉन्च

एजेंसी ▶▶| मास्को/ नई दिल्ली

भारत के बाद अब रूस ने भी लूनर मिशन लूना-25 लॉन्च कर दिया है। 47 साल बाद रूस ने अपना यान भेजा है। रूस के इस चंद्रयान मिशन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस को बधाई दी। इसरो ने कहा कि लूना-25 के सफल लॉन्च पर रोस्कोस्मोस को हमारी तरफ से बधाई। हमारी अंतरिक्ष यात्रा में एक और मुलाकात होना अद्भुत है। उसने कहा कि चंद्रयान-3 और लूना-25 मिशनों को अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए शुभकामनाएं। रोस्कोस्मोस ने साल 1976 में लूना-24 को लॉन्च किया था। 47 साल बाद रूस ने अपना यान भेजा है। मॉस्को से करीब 5500 किलोमीटर पूर्व में स्थित अमूर ओब्लास्ट के वोस्तोनी कॉस्मोड्रोम से लूना 25 की लॉन्चिंग की गई।

### इसरो दी बधाई; कहा- अंतरिक्ष यात्रा में एक और मुलाकात

#### चंद्रयान-3 पहले पहुंच सकता है

इसरो के पूर्व वैज्ञानिक तपन मिश्रा का मत है चांद की आखिरी कक्षा में जब चंद्रयान-3 को पहुंचना था, तो उसके काफी पहले उसके कक्ष की गणना कर इसरो के वैज्ञानिकों ने इंजन फायरिंग कर उसे पहुंचा दिया है। ऐसे में अगर इसरो चाहे तो तय तारीख से 4 दिन पहले ही जीरो एरर के साथ चंद्रयान-3 को शेड्यूल लैंडिंग साइट पर उतार सकता है।



#### 7-10 दिनों तक चांद के चक्कर लगाएगा रूसी लैंडर

शुक्रवार 11 अगस्त को सुबह 4.40 बजे रूस के वोस्तोनी कॉस्मोड्रोम से लूना-25 लैंडर की लॉन्चिंग की। लूना-25 को सोयुज 2.1 बी रॉकेट में चांद पर भेजा गया है। इसे लूना-ग्लोब मिशन का नाम दिया गया है। रॉकेट की लंबाई करीब 46.3 मीटर है, वहीं इसका व्यास 10.3 मीटर है। रोस्कोस्मोस का कहना है कि लूना-25 चांद की ओर निकल चुका है। 5 दिनों तक यह चांद की तरफ बढ़ेगा। इसके बाद 313 टन वजनी रॉकेट 7-10 दिनों तक चांद का चक्कर लगाएगा।

#### चंद्रमा की सतह पर पानी खोजेगा

रूस की योजना है कि लैंडर को चांद के दक्षिणी पोल पर उतरेगा। चांद के इसी पोल पर पानी मिलने की संभावना है। 2018 में नासा ने कहा था कि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पानी है। लूना-25 में रोवर और लैंडर हैं। इसका लैंडर करीब 800 किलो का है। लूना- 25 सॉफ्ट लैंडिंग की प्रैक्टिस करेगा।

न्यूयॉर्क पुलिस ने दी सफाई

# सिख पुलिसकर्मी को दाढ़ी बढ़ाने से रोकने पर आपत्ति

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिका के न्यूयॉर्क स्टेट पुलिस पर एक सिख पुलिसकर्मी को दाढ़ी बढ़ाने से रोकने का आरोप लगा है। वॉशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने आपत्ति जताई है। भारतीय दूतावास ने अब इस मुद्दे को न्यूयॉर्क स्टेट गवर्नर के समक्ष उठाया है। अमेरिका के सांसदों ने भी इस घटना पर चिंता जाहिर की है और इसे धार्मिक भेदभाव करार दिया है। न्यूयॉर्क राज्य के सैनिक चरणजोत तिवाना से जुड़ा हुआ है, जिन्होंने पिछले साल मार्च में अपनी शादी के लिए दाढ़ी बढ़ाने की अनुमति मांगी थी।



#### सिख अधिकारियों को पगड़ी पहनने की इजाजत दे दी थी

न्यूयॉर्क राज्य पुलिस ने कहा, 'हमने हाल ही में चेहरे के बालों के संबंध में अपने दिशानिर्देशों को अपडेट किया है। न्यूयॉर्क राज्य पुलिस वर्दी और पगड़ी के डिजाइन पर और काम कर रही है।' बता दें कि साल 2016 में न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने सिख पुलिस अधिकारियों को वर्दी के साथ पगड़ी पहनने की इजाजत दे दी थी।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com